मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल

मंगलवार 13 मई 2025

■ वर्ष: 30 ■ अंक: 136

■ पेज: 8 ■ मूल्य: 1.50/- रुपए



## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय क्रिकेट को एक हफ्ते के अंदर दो बड़े झटके लगे हैं। रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

पिछले कुछ दिनों से मीडिया में यह बात चल रही थी कि कोहली ने बीसीसीआई को अपने संन्यास के बारे में जानकारी दे दी है, लेकिन बीसीसीआई ने आगामी इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। हालांकि, कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने का ही फैसला किया।

### चुपके-चुपके

## शराब सिंडिकेट का 2.60 करोड़ का नजराना

महाकौशल के एक जिले में शराब सिंडिकेट ने भ्रष्टाचार की परंपरा को सामाजिक जिम्मेदारी का नया नाम दे दिया है। खबरची का कहना है कि 2.60 करोड़ रुपये का नजराना देकर उन्होंने जिले के अधिकारियों को ईमानदारी का सम्मान भेंट किया है। अब यह नजराना सिर्फ आबकारी विभाग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह उपहार कलेक्टर और एसपी साहब तक भी अपनी पूरी ईमानदारी से पहुंचा। नजराने के बाद जिले में शराब मनमाने दामों पर बिकेगी। शराब ठेकेदारों का कहना है कि नजराना देना समाज सेवा है। आखिर अधिकारी भी तो इंसान हैं, उनकी मुस्कान और जेब दोनों को भरा रहना चाहिए। एक तरफ आम जनता महंगाई से जूझ रही है और दूसरी ओर अधिकारी नजराने के जश्न में व्यस्त हैं। शायद जिले का आदर्श वाक्य होना चाहिए-

**नजराना दो, नजरअंदाज करो।**

**-खबरची**



पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद पीएम मोदी ने देश का संबोधित करते हुए कहा- हमने आतंकियों पर कार्रवाई को केवल स्थगित किया है...

# जिन्होंने हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा है कि बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्युक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं।

पीएम ने कहा कि आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया।

### 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा

मोदी ने कहा कि जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की तीनों सेनाओं ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने दोबारा कोई दुस्साहस किया तो अगली लड़ाई पिछली जैसी नहीं होगी

# हम जब चाहें, जहां चाहें मार सकते हैं...

## अभेद्य हैं भारत की सीमाएं....चीन, तुर्किए और पाकिस्तान के हथियार हुए फेल

● **नई दिल्ली, ईएमएस**

भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने सोमवार को एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों के खिलाफ है, और यह दुखद है कि पाकिस्तान ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया। उन्होंने यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए युद्ध विराम समझौते के दो दिन बाद 12 मई को नई दिल्ली में आयोजित तीनों सेनाओं की जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग में की। एयर मार्शल ए।के भारती ने कहा, यह एक अलग तरह का युद्ध था और ऐसा होना तय था। भगवान न करे, लेकिन अगर आगे कोई और लड़ाई होती है, तो वह पिछले से बिल्कुल अलग होगी। यह एक बिल्ली और चूहे का खेल है और हमें अपने विरोधी को मात देने के लिए उससे हमेशा एक अदम आगे रहना होगा।

भारत की तीनों सेनाओं ने जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने दोबारा कोई दुस्साहस किया तो हम उस पर जब चाहे और जहां चाहे हमला कर सकते हैं। बता दें कि 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी, जिसमें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया था। इसके अगले दो दिन 8 और 9 मई की रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से भारत पर हमला करने का असफल प्रयास किया। भारत ने अपने दमदार एयर डिफेंस सिस्टम के बलबूते न सिर्फ पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर दिया, बल्कि दुश्मन के 11 एयरबेसों पर सटीक हमला करके उसे बैकफुट पर ला दिया। भारत के हमले इतने सटीक और प्रभावी थे कि पाकिस्तान को सीजफायर की गुहार लगानी पड़ी।

### हमारी लड़ाई आतंकियों से थी, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपना बना लिया



एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया, तो हमने उसका जवाब दियासेना ने कहा, हम जरूरत पड़ने पर तैयार और तत्पर हैं। एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि यह स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि सभी मिलिट्री बेस, सिस्टम ऑपरेशनल हैं और जरूरत पड़ने पर तैयार और तत्पर हैं।

### हमारे पायलट 24 घंटे अलर्ट मोड में थे

वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने बताया कि नौसेना सर्विलांस, डिटेक्शन में लगी हुई थी। हमने मल्टीपल सेंसर्स और इनपुट्स दिए। हमने उन खतरों को पहचाना, जिन्हें तुरंत न्यूट्रिलाइज्ड किया जाना था। ड्रोन, हाईस्पीड मिसाइल और एयरक्राफ्ट की जानकारी दी गई, ये एडवांस राडार के जरिए दी गई। हमारे पायलट रात और दिन में ऑपरेट करने के लिए तैयार थे। हमारे एयरक्राफ्ट कैरियर में मिग-29 एक्शन के लिए तैयार थे। संदिग्ध दुश्मन जहाज को कई सौ किमी पास आने का मौका हमने पास के सालों में नहीं दिया है।

### तीनों सेनाओं ने मिलकर काम किया

आपने सुना होगा, जब हौसले बुलंद हों तो मंजिलें कदम चूमती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाएं मिलकर काम कर रही थीं। हमारे 140 करोड़ भारतीय हमारे पीछे खड़े थे। इसके लिए हम आपको सैल्यूट करते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आज मैं इस युद्ध के अहम पहलू के बारे में बता रहा हूं। हमें एयर डिफेंस ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को समझने की आवश्यकता है। मैंने कल बताया था कि पिछले कुछ सालों में आतंक की गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था।

### आकाश सिस्टम से भी हमलों का जवाब

एयर मार्शल एके भारती ने बताया, हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिनिमम रखी, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टु एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल है। हम पर ड्रोन और यूए1 से हमला किया गया है। पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एकसाथ एक्टिव हुए, मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से ये अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया।

### पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया

एयर मार्शल एके भारती कि हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ थी, 7 मई को हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया और हमें जवाब देना पड़ा। उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ।



अमेरिका-चीन में हुई ट्रेड डील...दोनों ने 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया

# अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा




**वाशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच ये समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वॉर के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है।

अमेरिका और चीन इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे 90 दिनों की शुरुआती अवधि के लिए अपने पहले से घोषित पारस्परिक शुल्क और जवाबी शुल्क वापस ले लेंगे। इस बीच, चीन अमेरिकी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, और अमेरिका चीनी वस्तुओं पर लगभग 30 प्रतिशत कर लगाएगा। सोमवार को एक संयुक्त बयान के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए उनके द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचानते हुए अमेरिका और चीन के बीच सहमति बनी। दोनों देशों ने एक स्थायी, दीर्घकालिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक और व्यापार संबंधों के महत्व को पहचाना। दोनों देशों ने अपनी हालिया चर्चाओं पर विचार किया और माना कि निरंतर चर्चाओं में उनके आर्थिक और व्यापार संबंधों में प्रत्येक पक्ष की चिंताओं को दूर करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, दोनों देश आर्थिक और व्यापार संबंधों के बारे में चर्चा जारी रखने के लिए एक तंत्र स्थापित करेंगे। इन चर्चाओं के लिए चीनी पक्ष के प्रतिनिधि स्टेट काउंसिल के वाइस प्रीमियर हे लिफेंग होंगे, और अमेरिकी पक्ष के प्रतिनिधि ट्रेजरी के सचिव स्कॉट बेसेंट और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमीसन ग्रीर होंगे। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त बयान में कहा गया, ये चर्चाएं चीन और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित की जा सकती हैं, या पार्टियों की सहमति से किसी तीसरे देश में की जा सकती हैं। आवश्यकतानुसार, दोनों पक्ष प्रासंगिक आर्थिक और व्यापार मुद्दों पर कार्य-स्तरीय परामर्श कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों ऐसे देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाए थे, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। बाद में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई देशों द्वारा व्यापार समझौते के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत शुरू करने के बाद 90 दिनों के लिए शुल्क रोकने का फैसला किया। 9 अप्रैल से शुरू होने वाले इन 90 दिनों में, राष्ट्रपति ट्रम्प सभी देशों पर 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क लगाते हैं।

### फटाफट खबरें

## सोना 2,023 गिरकर 94,393 पर आया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सोने के दाम में सोमवार को गिरावट रही इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,023 घटकर 94,393 पर आ गया है। रविवार को सोने की कीमत 96,416 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 191 बढ़कर 95,917 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 95,726 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते दिनों सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद अब निवेशक अपना गोल्ड बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं।

## हिसार में 39 बांग्लादेशी पकड़े

**हांसी, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बीच हरियाणा में पुलिस ने 39 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े हैं। ये सभी गैरकानूनी तरीके से हिसार के हांसी में रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में 14 पुरुष, 11 महिलाएं और 14 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक ये तोशाम रोड पर ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे। जांच में इनके पास से किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह बॉर्डर क्रॉस करके बांग्लादेश से आए थे।

## ट्रक और ट्रेलर की टक्कर, 13 की मौत

**रायपुर, ईएमएस।** रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 13 की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा खरोरा-बलौदा बाजार रोड पर उस समय हुआ जब माजदा वाहन में सवार होकर लोग बच्चों के जन्मोत्सव कार्यक्रम से लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माजदा वाहन जैसे ही खरोरा क्षेत्र में पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही 13 लोगों की मौत हो गई।

### आज का कार्टून




दिल्लीवालों को लगा महंगाई का झटका

## मई-जून में 10 प्रतिशत तक बढ़ेंगे बिजली बिल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। बिजली वितरण कंपनियों ने पावर परचेज एडजस्टमेंट कॉस्ट में संशोधन करने का निर्णय लिया है, जिसके परिणामस्वरूप मई और जून के महीने में बिजली बिलों में 7 से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी।

बिजली कंपनियों के अधिकारियों ने यह जानकारी साझा की थी कि बिजली खरीद समायोजन शुल्क तब बढ़ाया जाता है जब कोयला और गैस जैसे ईंधनों की लागत में वृद्धि होती है। इस बढ़ोतरी के बाद, बिजली वितरण कंपनियां उपभोक्ताओं से नए दाम वसूल करती हैं। बिजली खरीद समायोजन शुल्क उस वृद्धि को दर्शाता है जो उत्पादन कंपनियों द्वारा कोयला और गैस जैसी ईंधन लागत में वृद्धि के कारण होती है।

राजधानी में दौड़ रही बिना फिटनेस-इंश्योरेंस की बस बनी काल

## स्कूल बस ने 8 गाड़ियों को रौंदा, डॉक्टर की मौत...



**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर स्कूल बस ने 8 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में इंटर्नशिप कर रही लेडी डॉक्टर की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हैं। दो की हालत गंभीर है। बताया गया है कि बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला।

रेड सिग्नल के दौरान बाणगंगा चौराहे पर गाड़ियां आकर रुकीं। इसी दौरान एक स्कूल बस पीछे से तेज रफ्तार में आई और आगे खड़ी गाड़ियों को कुचलते हुए बढ़ गई। बस के ठीक सामने खड़ी स्कूटी पर बैठी युवती उसकी टक्कर से उछली। वह स्कूटी समेत बस के अगले हिस्से में फंस गई। करीब 50 फीट तक घिसटने के बाद स्कूटी बस के अगले हिस्से से निकली तो युवती अगले पहिए के नीचे आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिग्नल पर 10-12 वाहन खड़े थे।

### अगले महीने शादी

हादसे में जान गंवाने वाली आयशा खान बीएएमएस डॉक्टर थीं। मुल्ला कॉलोनी निवासी आयशा जेपी हॉस्पिटल में इंटर्नशिप कर रही थीं। वहीं से घर लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गईं। आयशा के पिता जाहिद खान जबलपुर में इंडियन बैंक में मैनेजर हैं। एक छोटा भाई है। अगले महीने 14 तारीख को आयशा की शादी तय है। मां कार्ड बांटने गई थी, इसी दौरान बेटी की मौत की सूचना मिली।

सीएम डॉ. यादव ने 64 पुलिसकर्मियों को दिया आउट ऑफ टर्न प्रमोशन, कहा...

## नक्सलियों सरेंडर करो नहीं तो मार दिए जाओगे



**बालाघाट, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि सरेंडर हो जाओ, नहीं तो मार दिए जाओगे। उन्होंने कहा कि अन्याय करने वाले, अनावश्यक रूप से लोगों का खून बहाने वाले और लाल सलाम करने वालों को जीने का हक नहीं देंगे। आपको इस धरती पर जीने का हक नहीं देने वाले। सीएम ने नक्सलियों को लेकर कहा कि हमारे भोले-भाले लोगों के बीच आप भ्रम फैलाते हो, झूठ बोलते हो। कायराना हरकत करते हो, ऐसे लोगों से निपटने में सरकार सक्षम है। पुलिस बल की मदद से समाज अब सामने खड़ा हो रहा है। जहां जरूरी होगा, वहां कार्यक्रम करेंगे। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सरकार अभियान चला रही है।



# ट्रम्प को मिलेगा दुनिया का सबसे मंहगा गिफ्ट

## कतर दे रहा 3400 करोड़ का महल जैसा प्लेन, इसी हफ्ते दौरे पर जाएंगे ट्रम्प

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को गिफ्ट में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपए) है।

ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। ट्रम्प इस विमान को अस्थायी रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन गिफ्ट में दिया जा रहा है। सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है।

राम मंदिर परिसर में 14 देवालयों पर पांच जून को होगी प्राण प्रतिष्ठा

## 101 आचार्य कराएंगे ये अनुष्ठान

**अयोध्या, ईएमएस।** पांच जून, दिन गुरुवार, पर्व गंगा दशहरा... यह तारीख अब केवल पंचांग में नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृत के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक नहीं, पूरे 14 देवालयों में एक साथ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा।

यह आयोजन केवल मूर्तियों को जीवंत करने का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा को पुनः धर्ममय करने का होगा। प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में सबसे पहले शिवलिंग की प्रतिष्ठा होगी। राम जन्मभूमि परिसर में श्रीराम के साथ शिव भी पूजित-प्रतिष्ठित होंगे। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर रामनगरी एक बार फिर आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना की अद्वितीय गवाह बनेगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की रूपरेखा बन रही है। तीन से पांच जून यह उत्सव होगा। हालांकि पूजन का क्रम 30 मई से ही शुरू हो जाएगा। काशी व अयोध्या के 101 आचार्य प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे। 30 मई को ही परकोटा के शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शिव वास जरूरी होता है। 30 मई को शिव वास रहेगा, जिसके चलते इसी दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कर ली जाएगी।

भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद शेयर बाजार गुलजार

# सेंसेक्स 2975... निफ्टी 916 अंक उछला...

● **मुंबई, ईएमएस**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिन तक चले संघर्ष के थमने के बाद घरेलू शेयर बाजार में रौनक लौटी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीफफायर से निवेशकों की चिंताए कुछ हद कम हुईं, जिसका असर सोमवार को देखने को मिला। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजारों में तेजी देखी गई। हरे निशान पर खुला बाजार रफ्तार के नई ऊंचाई छूने लगा। भारतीय शेयर बाजार में चार साल की सबसे बड़ी इंट्रा-डे रैली देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिनभर तेजी में कारोबार करने के बाद मार्केट क्लोज होने पर 2975 अंक की जोरदार उछाल के साथ 82,429.90 के लेवल पर



क्लोज हुआ, तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 916 अंकों की तेजी के साथ 25,000 के बिल्कुल करीब क्लोज हुआ। इस दौरान लार्जकैप से लेकर मिड और स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों में तेजी आई।

सोमवार को पहले से ही शेयर मार्केट में तेजी के संकेत पहले से ही मिल रहे थे। एशियाई बाजारों में तेजी के बाद बीएसई सेंसेक्स ने अपने पिछले बंद 79,454.47 से करीब 1500 अंक से ज्यादा की तेजी लेकर 80,803.80 के लेवल पर कारोबार की शुरुआत की और फिर दिनभर इसकी रफ्तार बढ़ती ही चली गई। मार्केट में कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 2975.43 अंक या 3.74 प्रतिशत बढ़कर 82,429.90 पर क्लोज हुआ। सेंसेंक्स की तरह ही निफ्टी-50 ने भी शुरुआती रफ्तार बनाए रखी और अपने पिछले बंद 24,008 की तुलना में चढ़कर 24,420 पर खुला और कुछ ही देर में ये 582.75 अंक की तेजी लेकर 24,593.75 पर कारोबार करता हुआ दिखा, बाजार में कारोबार के आखिरी घंटे में ये रॉकेट की तरह भागा। एनएसई निफ्टी ने 916.70 अंक या 3.82 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,924.70 पर कारोबार खत्म किया।

### शेयर बाजार में तेजी की वजह...

सीजफायर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन कम हुई है। इस मामले से जुड़े सभी डेवलपमेंट्स पर निवेशकों की नजर रहेगी। रिटेल महंगाई के अप्रैल महीने के आंकड़े 13 मई को जारी किए जाएंगे। अप्रैल में महंगाई कम होकर 3 प्रतिशत से नीचे आने की संभावना है। एमआरएफ, पीएनबी बैंक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी एंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। बीते हफ्ते विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा और सैगमेंट में लगभग 5,087 करोड़ रुपए की खरीदारी की। भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच आज से फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर 11वें राउंड की बातचीत शुरू हो रही है। उम्मीद है यह डील सक्सेसफुल हो जाएगी।

### अंतिम जीवित अमेरिकी बंधक को छोड़ेगा हमास

**गाजा, ईएमएस।** हमास ने कहा कि गाजा में अंतिम जीवित अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर को संघर्षविराम स्थापित करने, क्षेत्र में सीमा चौकियों को पुनः खोलने के प्रयासों के तहत रिहा किया जाएगा। चरमपंथी समूह के बयान में नहीं बताया गया कि अमेरिकी बंधक की रिहाई कब होगी।

### अपार्टमेंट में लगी आग, चार की मौत, चार झुलसे

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका के मिल्वौकी में एक अपार्टमेंट में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से झुलस गए। मातृ दिवस रविवार के दिन सुबह 8 बजे से पहले लगी इस आग में कई लोग मामूली रूप से झुलस गए और उनका उपचार किया गया।

## फटाफट खबरें

### तिब्बत में आया भूकंप, लोग डरे

**नई दिल्ली, ईएमएस।** तिब्बत में एक बार फिर से भूकंप आया है। रविवार- सोमवार के दरम्यान सुबह के 2:41 बजे तिब्बत में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। जैसे ही लोगों को झटके लगे वे डरकर घर से बाहर निकले और सुरक्षित स्थान की तरफ दौड़ने लगे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.7 रहा। पूरे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, किसी तरह के नुकसान या चोट की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के एक्स हैंडल के अनुसार, भूकंप का केंद्र अक्षांश 29.02एन और देशांतर 87.48ई पर, 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### सुसाइड बॉम्बर ने खुद को उड़ाया

**पेशावर, ईएमएस।** यहां एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जहां एक सुसाइड बॉम्बर ने पुलिस मोबाइल के पास खुद को उड़ा लिया, जिसमें 2 पुलिस जवान मारे गए। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हमला पेशावर के रिंग रोड पर हुआ। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और जांच शुरू कर दी है। इस हमले में संदेह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर जताया जा रहा है, जो अक्सर सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाता रहा है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, यह हमला एक व्यस्त बाजार के पास हुआ।

### नहीं करेंगे परमाणु ढांचे को खत्म

**तेहरान, ईएमएस।** ईरान ने अमेरिका की उस अपील को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें तेहरान से अपने परमाणु ढांचे को पूरी तरह खत्म करने की मांग की गई थी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अमेरिका से साफ शब्दों में कहा कि देश अपने शांतिपूर्ण परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा और यह मांग हम स्वीकार नहीं करेंगे। ओमान की राजधानी मस्कट में जारी ईरान-अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के चौथे दौर के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बताया कि बातचीत अब सामान्य विषयों से आगे बढ़कर विशिष्ट प्रस्तावों पर केंद्रित है। उन्होंने बातचीत को 'सकारात्मक लेकिन जटिल' बताया।

### 30 प्रतिशत तक सस्ती हो सकती हैं दवाएं

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिका में बेलगाम हो रही दवा की कीमतों पर अमेरिका की ट्रंप सरकार शिकंजा कसने जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि वे प्रिस्क्रिप्शन दवाओं और फार्मास्युटिकल उत्पादों की कीमतों को 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह फैसला अमेरिका की हेल्थकेयर प्रणाली में लंबे समय से चल रही मूल्य असमानता को चुनौती देता नजर आ रहा है। हालांकि ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका में दवाओं को सस्ता करने का यह कदम ग्लोबल मार्केट पर भी असर डालेगा। अमेरिका में दवाएं सस्ती होंगी, तो बाकी दुनिया में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की कीमतें बढ़ जाएं।

भारत की एयरस्ट्राइक में रहीम यार खान एयरबेस हो चुका है तबाह, पाक बोला...

# वर्क इन प्रोग्रेस, 8 दिन के लिए उड़ानें बंद

## सैटेलाइट तस्वीरों और वीडियो फुटेज में दिखा तबाही का मंजर

● इस्लामाबाद, ईमएस

भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। अब पाकिस्तान ने इसे 8 दिन के लिए नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया है और इस पर वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड लगा दिया गया है। दरअसल यहां भारत की जवाबी कार्रवाई में एयरबेस के रनवे पर बड़ा गड्ढा बन गया, जिसकी सैटेलाइट तस्वीरों और वीडियो फुटेज से भी पुष्टि हुई है।

वैसे तो पाकिस्तानी सरकार और सेना यही दावा करती चली आ रही हैं कि उन्हें इससे कोई ज्यादा नुक्सान नहीं हुआ है, लेकिन हकीकत इससे अलग है। पाकिस्तान की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने 10 मई शाम 4 बजे से 18 मई शाम 5 बजे तक एयरबेस को बंद रखने का नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि रनवे उड़ान संचालन के लिए उपलब्ध नहीं है, काम प्रगति पर है। इसके अनुसार अब हवाई अड्डे की सतह पर मरम्मत या कार्य चल रहा है। यदि सूत्रों की मानें तो यह वही एयरबेस है, जिसके करीब पाकिस्तान परमाणु अस्त्र-शस्त्र स्टोर करके रखा है। यदि हमला और जोरदार होता तो शायद आधी दुनियां के लिए खतरा पैदा हो जाता। वैसे इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह जांचने और परखने का विषय है, लेकिन हकीकत यही है कि भारतीय हमलों में रहीम यार खान एयरबेस को खासा नुक्सान हुआ है। बताया जा रहा है कि भारतीय वायुसेना की ओर से किए गए सर्जिकल स्ट्राइक में रनवे पूरी तरह तबाह हो गया और एक बड़ा गड्ढा बन गया है। इसके अलावा एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर, दो हैंगर, रडार यूनिट और अन्य सैन्य ढांचे भी नष्ट हो गए। एयरबेस की ऑपरेशनल क्षमता शून्य हो गई है। यह एयरबेस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान शहर के पास है, और इसका एक ही रनवे है जो 3,000 मीटर लंबा है।

### भारतीय हमले में और किन एयरबेस को निशाना बनाया गया?

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जिन पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया उनमें रहीम यार खान एयरबेस के अलावा रफीकी एयरबेस, मुरीद, चकलाला, सुक्कुर, नूर खान, सरगोधा, चुनियां एयरबेस शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल चौधरी ने




स्वीकार किया कि भारत ने इन एयरबेसों पर एयर-टू-सरफेस मिसाइलों से हमला किया।

### पाक सेना ने किया स्पष्टः हिरासत में कोई भारतीय सैनिक नहीं

पाकिस्तानी सेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हालिया भारत-पाक संघर्ष के संबंध में सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज कर दिया है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा है, कि पाकिस्तान की हिरासत में कोई भी भारतीय सैनिक या पायलट नहीं है। उन्होंने इसे मीडिया और सोशल मीडिया पर फैलाया गया प्रोपेगेंडा और फेक न्यूज बताया है। भारत के खिलाफ पाक सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस को सफल करार देते हुए पाकिस्तान में शनिवार को यौम-ए-तशक्कुर यानी शुक्रिया दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसकी घोषणा की थी। देशभर में इसे एक देशभक्ति का प्रतीक बताकर प्रचारित किया गया, जिससे एक बार फिर पाक मीडिया में राष्ट्रवाद को उभारने की कोशिश देखी गई।

### मीडिया की भूमिका पर उठे सवाल

भारतीय पायलट की कथित गिरफ्तारी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पाक सेना की यह प्रतिक्रिया साफ संकेत देती है कि सोशल मीडिया और कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म पर सूचनाओं की विश्वसनीयता को लेकर सतर्कता जरूरी है। सेना ने इसे एक सोच-समझकर चलाया गया दुष्प्रचार बताया है। इसी के साथ सोशल मीडिया व मुख्य मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

## सीमा पर शांति, लेकिन घर लौटने से अब भी डर रहे लोग गांवों में खतरे का साया, सेना और पुलिस अलर्ट पर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत पहली बार भारत-पाकिस्तान सीमा पर शांति देखी गई है। शनिवार को हुए सीजफायर समझौते के बावजूद कुछ ही घंटों में पाकिस्तान ने फिर से इसका उल्लंघन किया। भारत की सख्त चेतावनी के बाद स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। 19 दिनों बाद पहली बार शनिवार रात सीमा पर पूरी तरह से सन्नाटा और शांति रही, लेकिन इसका असर सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों की मनःस्थिति पर अब भी साफ देखा जा सकता है, लोग अपने घरों को लौटने से कतरा रहे हैं।

कश्मीर के उरी सेक्टर में स्थित गांवों के लोगों को हालिया हमलों के बाद सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया था। रविवार को जब वे घर वापसी की तैयारी में थे, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बताया गया कि उनके गांवों के आसपास धमाके का खतरा अभी भी बना हुआ है, क्योंकि कई बम और गोला-बारूद निष्क्रिय नहीं हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर साफ किया है कि सरकारी अनुमति मिलने तक कोई भी व्यक्ति अपने गांव में न लौटे। आम लोगों को ऐसे हालत में भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ स्तर की वार्ता से खासी उम्मीदें हैं, जिससे आगे की स्थिति को लेकर तस्वीर साफ हो सकती है। सेना की रिपोर्ट के अनुसार, अखनूर, राजौरी, पुंछ, उरी, श्रीनगर और जम्मू जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भी बीती रात कोई गोलीबारी नहीं हुई और हालात सामान्य नजर आए। पंजाब के अमृतसर, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में भी शांति बनी रही। इससे पहले इन क्षेत्रों में पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन के हमले हुए थे, जिनमें कई गांव प्रभावित हुए थे। सेना ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, और अगर पाकिस्तान ने कोई नई हरकत की, तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। सेना और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### गुजरात से राजस्थान जाने वाली ट्रेनें भी बहाल

भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुई सीजफायर डील के बाद रविवार को गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में हालात सामान्य रहे। सरहदी गांवों और कस्बों में दुकानें और होटलें दोबारा खुलने लगी हैं और सड़कों पर लोगों की आवाजाही में इज़ाफा हुआ है। लोग अब धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर लौटते दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षा कारणों के चलते गुजरात से राजस्थान जाने वाली कई नाइट ट्रेनें शनिवार को रद्द कर दी गई थीं, लेकिन अब इन्हें फिर से बहाल कर दिया गया है। इससे दोनों राज्यों के बीच संपर्क पुनः सामान्य हो गया है। रविवार को किसी भी शहर में ब्लैकआउट के निर्देश नहीं दिए गए, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, शनिवार शाम सीजफायर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने गुजरात के कच्छ इलाके में फिर से हमला करने की कोशिश की थी।

### पंजाब-राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में स्कूल-कॉलेज अब भी बंद

भारत-पाकिस्तान सीजफायर की घोषणा को आज तीन दिन हो चुके हैं, और हालात धीरे-धीरे सामान्य होते नजर आ रहे हैं। पंजाब और राजस्थान जैसे सीमा से लगे राज्यों में ऐहतियातन अब भी कई स्थानों पर स्कूल-कॉलेज बंद हैं, जबकि अन्य जगहों पर जनजीवन सामान्य होता दिख रहा है।

### पंजाबः 18 जिलों में स्कूल खुले, बॉर्डर जिलों में एहतियात जारी

राज्य के 18 जिलों में आज से स्कूल-कॉलेज फिर से खोल दिए गए हैं। लेकिन अमृतसर, फिरोजपुर, तरनतारन, पठानकोट और बरनाला में अभी भी शिक्षण संस्थान बंद रखे गए हैं। पाकिस्तान सीमा से लगे फाजिल्का के मुठियांवाली गांव में रविवार रात एक पुराना बम मिलने की सूचना से लोगों में हलचल रही। सेना ने बम को निष्क्रिय करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### राजस्थानः बॉर्डर जिलों में आज भी स्कूल-कॉलेज बंद

बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर में आज भी स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थान बंद हैं। इन इलाकों में रविवार रात ब्लैकआउट रखा गया था, लेकिन आज सुबह से सड़कों पर हलचल और दुकानें खुली नजर आईं। जोधपुर, जैसलमेर, किशनगढ़ और बीकानेर एयरपोर्ट्स पर 15 मई तक सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की वजह से हुआ भारत-पाक के बीच सीजफायर : जूनियर ट्रंप

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे ट्रम्प जूनियर ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए



सीजफायर का क्रेडिट अपने पिता डोनाल्ड ट्रम्प को दिया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट लोग बातचीत की टेबल पर हैं और अमेरिका की वजह से दुनिया एक सुरक्षित जगह है। इससे पहले पीएम शहबाज शरीफ ने भी ट्रम्प की तारीफ की थी। उन्होंने शनिवार को दिए अपने भाषण में भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के लिए ट्रंप की तारीफ की थी। भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन बनयान-उन-मर्सूस की सफलता पर देशभर में यौम-ए-तशक्कुर मनाया जा रहा है। यौम-ए-तशक्कुर एक उर्दू शब्द है, जिसका अर्थ होता शुक्रिया यानी आभार का दिन।



मनीला में चुनावों में वोट डालकर बाहर निकला एक फिलीपीनी वोटर रसीद को देखते हुए। (फोटो-ईएमएस)

देश की सुरक्षा के लिए 10 उपग्रह तैनात, इसरो प्रमुख का बड़ा बयान

## पांच वर्षों में 52 उपग्रह लॉन्च करेगा भारत

**इम्फाल, ईएमएस।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भारत की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए 10 उपग्रह लगातार देश की निगरानी कर रहे हैं। यह उपग्रह देश की सुरक्षा और निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, खासकर सीमा क्षेत्रों पर। यह बयान उन्होंने मणिपुर के इम्फाल में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह के दौरान दिया।

डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि इन उपग्रहों का उपयोग रणनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ तनाव के समय में देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए। इन उपग्रहों के माध्यम से सीमा की निगरानी, प्राकृतिक आपदाओं का प्रबंधन और सुरक्षा बलों को सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसरो प्रमुख ने एक और बड़ी योजना का खुलासा किया कि भारत 2040 तक अपना पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। यह अंतरिक्ष में भारत की उपस्थिति को और मजबूत करेगा और देश को एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति बनाएगा। डॉ. नारायणन ने बताया कि इसरो अब तक 34 देशों के 433 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च कर चुका है। यह भारत की अंतरिक्ष तकनीक में बढ़ती क्षमता और वैश्विक विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसरो का उद्देश्य न केवल भारत की सुरक्षा को मजबूत करना है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति को भी मजबूत करना है। हाल ही में लॉन्च किए गए ईओएस-09 (रिसैट-1बी) उपग्रह का भी जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि यह उपग्रह दिन-रात और हर मौसम में इमेजिंग क्षमता रखता है।

शहीद मो. इम्तियाज की अंतिम यात्रा

## बेटे ने कहा- प्राउड ऑफ यू पापा पत्नी को शहादत की खबर नहीं

**पटना, ईएमएस।** 9 मई को पाकिस्तान की ओर से सीजफायर उल्लंघन में शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पटना एयरपोर्ट लाया गया। इस दौरान एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, मंत्री नितिन नवीन और श्रवण कुमार समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में एसआई मोहम्मद इम्तियाज का बेटा इमरान फूट-फूटकर रो पड़ा। उसने कहा, %आई एम प्राउड ऑफ यू पापा। आपने देश के लिए शहादत दी है। मैं सरकार से चाहता हूं कि पाकिस्तान को इसका करारा जवाब मिले। ये दर्द वही समझ सकता है जिसने अपनों को खोया हो। सीएम नीतीश कुमार ने कहा, कि देश शहीद इम्तियाज की बहादुरी को कभी नहीं भूलेगा। सरकार की ओर से उन्हें पुलिस सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। इम्तियाज की पत्नी को अब तक उनकी शहादत की खबर नहीं दी गई है। परिवारवालों ने बताया कि वो सदमे से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उनके गांव नारायणपुर (छपरा) में माहौल ग़मगीन है। पार्थिव शरीर को पटना से सड़क मार्ग से छपरा ले जाया जा रहा है, जहां नारायणपुर गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा, इम्तियाज ने यह साबित कर दिया कि देश की सुरक्षा धर्म और जाति से ऊपर है।

## ट्रोल्स देशभक्त नहीं होते, अपनी व्यक्तिगत कुंठा को देशभक्ति न समझें...

सीजफायर पर विदेश सचिव को ट्रोल करने पर एक्टर व राजनेताओं ने लगाई फटकार

**मुंबई, ईएमएस।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद संघर्ष विराम हो गया। इसके बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। राजनीतिक जगत की हस्तियों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारे भी मिस्त्री के समर्थन में दिखे। अभिनेता पुलकित सम्राट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में ट्रोलर्स को जमकर फटकार लगाई। पुलकित ने एक इंग्लिश अखबार की कटिंग शेयर की, जिसमें लिखा- ÷सरकार की ओर से भारत-पाक युद्ध विराम की घोषणा करने के बाद से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुए।

विदेश सचिव की बेटी को भी अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्हें अपने एक्स अकाउंट को प्राइवेट करना पड़ा। ट्रोलिंग बढ़ती देख राजनीतिक जगत की हस्तियां विदेश सचिव मिस्त्री के समर्थन में उतर आईं। मिस्त्री के समर्थन में सामने आए पुलकित सम्राट ने इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'शर्मनाक' बताया। पुलकित ने लिखा- एक ऐसे भारतीय को गाली देना शर्मनाक है, जिसने कई सालों तक देश की सेवा की है और अभी भी कर रहा है। पुलकित ने मानना कि उन्हें खरी-खोटी सुनाने वालों को आत्मविश्लेषण करने या अपने अंदर झांकने की जरूरत है। आइए सब एक इंसान बनें, एक सच्चे भारतीय बनें। 'कसौटी जिंदगी की' फेम सोन्या अयोध्या ने भी ट्रोलर्स पर जमकर बरसीं। उन्होंने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर शेयर किए पोस्ट में लिखा- ÷ट्रोल्स देशभक्त नहीं होते, अपनी व्यक्तिगत कुंठा को देशभक्ति न समझें। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ट्रोलिंग मामले में आईएएस एसोसिएशन की भी प्रतिक्रिया सामने आई। एसोसिएशन ने कहा कि ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाने वाले सिविल सेवकों पर अनुचित व्यक्तिगत हमलों की हम निंदा करते हैं। वहीं राजनीतिक हस्तियां भी विक्रम मिस्त्री के समर्थन में दिखी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी विक्रम मिस्त्री के समर्थन में पोस्ट किया और कहा कि किसी राजनयिक को राजनीतिक फैसलों के लिए उन्हें दोषी ठहराना गलत है।

## शहीद की पत्नी बोली- आई लव यू, प्लीज उठ जाओ यार फिर दी अंतिम विदाई

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इन हमलों में भारत के कई जवानों ने बलिदान भी दिया। ऐसी ही कुछ घटनाएं सामने आई है, जिसमें एक राजस्थान के झुंझुनूं से। पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में झुंझुनूं का जवान सुरेंद्र कुमार शहीद हो गया। अब सोशल मीडिया पर अंतिम संस्कार से पहले उनकी पत्नी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भारत माता की जय के नारों के बीच एक महिला कांपते हाथों से अपनी सुध-बुध खोती दिखाई दे रही है। फिर हाथ सिर से लगाते हुए चीख उठती है, प्लीज उठ जाओ यार, आई लव यू यार, प्लीज उठ जाओ। अंत में महिला जयहिंद बोलते हुए अपने पति को श्रद्धांजलि देती है। महिला की रुंदती आवाज सुनकर वहां खड़े लोगों की आंखें नम हो जाती है। जवान राजस्थान में झुंझुनूं जिले के मेहरादासी का रहने वाला था। जवान 14 साल से भारतीय वायुसेना की चिकित्सा शाखा में चिकित्सा सहायक सार्जेंट के रूप में तैनात था। बता दें जैसे ही पत्नी ने पति सुरेंद्र कुमार की शहादत का समाचार सुना उनकी तबियत बिगड़ गई, जिसे झुंझुनं जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जिला कलक्टर ने बताया कि शहीद जवान सुरेंद्र के परिवार में मां, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। सुरेंद्र के पिता भी केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में थे। सुरेंद्र को उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। वहीं शहीद की बेटी का भी वीडियो सामने आया है।

## पहलगाम घटना से कश्मीर को हुआ भारी नुकसान, घाटी हो गई वीरानः सीएम उमर

**जम्मू, ईएमएस।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों की कमर टूट गई, लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ हद तक पाकिस्तान ने भी फायदा उठाया है। यह कहना है जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला का। दरअसल, पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऐसा जवाब दिया है जिसकी कल्पना पाकिस्तान ने कभी नहीं की थी। भारत ने 1971 की जंग के बाद पहली बार पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों के ठिकाने को तबाह किया है।



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर बम बरसाए। इस घटना में 100 से ज्यादा दुर्दांत आतंकवादियों के मारे जाने की सूचना है। इतना ही नहीं भारत ने पाकिस्तान द्वारा किए मिसाइल हमले का भी माकूल जवाब दिया है। इस कार्रवाई में उसके करीब 10 हवाई अड्डों पर बमबारी की गई। इससे जंग में उतरने से पहले ही पाकिस्तानी सेना घबरा गई, लेकिन इस पूरे मामले में बुरी तरह शिकस्त खाने के बावजूद उसको कुछ फायदा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना ने कश्मीर को भारी नुकसान पहुंचाया है। सालों से कूटनीति और आर्थिक स्तर पर हुई कोशिश से यह उपलब्धि हासिल की गई थी, वो सब एक झटके में तबाह हो गई। कश्मीर का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया। यह सालों की कोशिश के बाद पटरी पर आया था। इस घटना से सब कुछ बदल गया। कुछ भी नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इन दिनों घाटी की वादियां पर्यटकों से भरी रहती थी। अर्थव्यवस्था फल-फुल रही होती। बच्चे स्कूल जा रहे होते। एयरपोर्ट पर रोज 50-60 फ्लाइट्स उड़ाने भर रही होती, लेकिन सब बर्बाद हो गया। इस सब में पाकिस्तान ने फायदा उठाया है।

धर्म के नाम पर तालिबान का अजीबोगरीब फैसला...

## अफगानिस्तान में शतरंज खेलने पर लगाया प्रतिबंध

● काबुल, ईमएस

तालिबान ने धार्मिक कारणों से अफगानिस्तान में शतरंज पर प्रतिबंध लगाया है। इस तरह के अजीबोगरीब वजह बताकर तालिबान ने मनोरंजन और खेल के विभिन्न रूपों का विरोध जारी रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्णय धार्मिक विचारों और तालिबान के सदाचार संवर्धन और वाइस की रोकथाम मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंधों के कारण हुआ है।

फैसले से अफगानिस्तान में शतरंज से जुड़ी गतिविधियों पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगी है। तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के अधिकारियों ने 11 मई को शतरंज गतिविधियों के निलंबन की पुष्टि कर कहा कि धार्मिक चिंताओं के बारे में उपयुक्त प्रतिक्रिया मिलने तक देश में खेल पर प्रतिबंध लगा रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के सदाचार संवर्धन और वाइस रोकथाम मंत्रालय ने अफगानिस्तान शतरंज महासंघ को भी भंग किया है, जिसमें इस्लामी कानून की व्याख्या के अनुसार खेल को हराम (निषिद्ध) करार दिया गया है। यह निर्णय तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने के बाद से सांस्कृतिक, सामाजिक और खेल आयोजनों पर लगे प्रतिबंधों की बढ़ती प्रवृत्ति के बाद लिया गया है। प्रतिबंध के संबंध में तालिबान की घोषणा से पहले, कई शतरंज खिलाड़ियों और इससे जुड़े अधिकारियों ने कथित तौर पर तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय से अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए अनुमति और वित्तीय सहायता का अनुरोध किया था। हालांकि, तालिबान ने प्रतिबंध की घोषणा की, जिससे खेल खेलने के उनके प्रयासों को



खारिज किया। रिपोर्ट के मुताबिक, कभी अफगानिस्तान में एक बौद्धिक खेल माने जाने वाले शतरंज ने हाल के वर्षों में पुनरुत्थान का आनंद लिया है, जिसमें राष्ट्रीय महासंघ तालिबान के नेतृत्व वाले खेल मंत्रालय के तहत काम कर रहा है। शतरंज खेलने पर प्रतिबंध अफगानिस्तान में स्वतंत्रता पर तालिबान के बढ़ते प्रतिबंधों को दिखाता है। तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर कई प्रतिबंध भी लगाए हैं। यह देखा जाना बाकी है कि ये नीतियां कब तक चलेंगी या क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबान पर अपने फैसलों को वापस लेने के लिए दबाव डाल पाएगा। इससे पहले फरवरी में तालिबान ने घोषणा की थी कि 22 मार्च से छात्रों को तालिबान द्वारा जारी नई यूनिफार्म पहननी होगी। नोटिस के मुताबिक, कक्षा एक से नौवीं तक के छात्रों को नीली शर्ट, पैंट और सफेद टोपी पहननी होगी। वहीं 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को सफेद शर्ट, पैंट और हेडस्कार्फ या पगड़ी पहननी होगी। इसके पहले, तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने नौ-बिंदु डिक्री पर हस्ताक्षर किए थे जिसमें कहा गया था कि सभी सार्वजनिक और निजी स्कूल यूनिफार्म में एक शर्ट, पैंट, पगड़ी और सफेद टोपी शामिल होगी। विधेयक में महिला शिक्षकों या छात्रों के लिए वर्दी के बारे में विवरण शामिल नहीं था। छात्राओं के लिए वर्दी का रंग काला है।

### कार में तलवार रखकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।** मंगलवारा थाना पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार की डिग्गी में तलवार और बांस का डंडा रखकर घूम रहा था। थाना अजय कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया की रेलवे माल गोदाम के पीछे डबल फाटक पर संदिंग्ध वाहनो की चैकिंग के दौरान कार नंबर एमपी04 वायसी 7681 को रोककर चैक किया गया। तलाशी लेने पर कार की डिक्की में तलवार और बांस का डंडा रखा मिला।



### पेटीएम पर रुपए नहीं डलवाने पर चाकू से किया हमला

**भोपाल(ईएमएस)।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित श्रमदान रोड चरखेड़ी में चचेरे भाइयों में हुए विवाद के बाद एक भाई ने दूसरे भाई से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस बीच बीच बचाव करने में दूसरे भाई के साथ में चाकू से चोट आई है। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया है। एएसआई शेषराम सहारे ने बताया आरिफ खान पिता शाहिद खान (19) श्रमदान रोड, बरखेड़ी में रहता है और प्राइवेट काम करता है।



## फटाफट खबरें

### महिला की बाइक में लगाई आग

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के गौतम नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ रजिंश के चलते तीन आरोपियो ने उसके घर जाकर गाली-गलौच की। इतना ही पीड़िता का आरोप है, कि आरोपी उसके दामाद की बाइक को घर से उठाकर ले गए और मैदान में ले जाकर उसमें आग लगा दी। थाना पुलिस के अनुसार इंद्रा सहायता नगर में रहने वाली यास्मीन बी पति स्वर्गीय वसीम (40) ने बताया की वह घरो में खाना बनाने का काम करती है। उनके दामाद शाहरुख खान उर्फ मुन्ना का एक दिन पहले ही आरोपी सलमा, मदिया और अपसा खान से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उसी विवाद को लेकर तीनों आरोपी 9 अप्रैल की अलसुबह करीब 4 बजे उसके घर आए और दामाद की बाइक एमपी--04-एमक्यू-5079 बाइक को उठा कर ले गए। आरोपियो को बाइक ले जाते हुए यास्मीन बी ने देख लिया था। तीनों आरोपी बाइक को घर के पीछे खाली मैदान पर ले गए और वहॉ पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

### चचेरे भाइयों में हुई मारपीट, चाकूबाजी

**भोपाल(ईएमएस)।** जहांगीराबाद थाना इलाके के बरखेड़ी क्षेत्र में ऑनलाइन रकम ट्रांसफर करने को लेकर दो चचेरे भाइयों के बीच जमकर झगड़ा हो गया। उनके बीच हुआ विवाद इतना बड़ा की नौबत मारपीट तक पहुंच गई, इसी दौरान एक ने दूसरे से मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रमदान रोड बरखेड़ी निवासी आरिफ खॉन पिता शाहिद खान (19) निजी काम करता है। उसके कमरे के पास चचेरे भाई साहिल का कमरा है। बीती दोपहर साहिल ने आरिफ से कहा कि उसके परिचित से उसे ऑनलाइन रुपए बुलाने हैं, यह रकम वह अपने पेटीएम पर डलवा ले। इस पर आरिफ ने कहा कि वह पेटीएम नहीं चलाता है। इसी बात को लेकर साहिल और आरिफ का विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। दोनों के बीच मारपीट होती देख आरिफ का भाई नवेद बीच-बचाव करने पहुंचा।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** छोला मंदिर थाना इलाके में स्थित शिव नगर फेस श्री में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जॉच में पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लेकिन यह बात सामने आई है की मृतक शराब पीने का आदी था, और परिवार की ठीक से देखभाल नहीं कर पाने के कारण उसका पत्नी से विवाद होता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार पुताई का काम करने वाला घनश्याम अहिरवार पिता रमेश अहिरवार (34) शिव नगर फेस श्री में प्रीति तिवारी के मकान में किराए से रहता था। दो साल पहले ही उसने प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। उसे शराब पीने की लत थी, वहीं घर खर्च ठीक से नहीं देने के कारण उसकी पत्नी से आये दिन कहासुनी होती रहती थी। शनिवार शाम भी इसी बात को लेकर उसकी अपनी पत्नी से अनबन हो गई थी।

#### स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर्स और स्टाफ की कमी

# घोषणा के बाद भी भर्ती प्रक्रिया अधर में

● **भोपाल, ईएमएस।**

मप्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों की कमी के कारण स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा रही है। इसको देखते हुए सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर भर्तियां करने की घोषणा की थी। लेकिन विडंबना यह है कि घोषणा के करीब सालभर बाद भी भर्ती प्रक्रिया अधर में है। वहीं दूसरी तरफ साल दर साल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या के अनुपात में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं होने से मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इससे कई बार मरीजों को मजबूरी में प्रायवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है।

गौरतलब है कि सरकार ने पिछले साल जून में स्वास्थ्य विभाग में 46 हजार से ज्यादा कर्मचारियों, पैरामेडिकल स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती का निर्णय लिया था। सालभर होने को है, लेकिन अब तक सिर्फ एक भर्ती परीक्षा हो पाई है। डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला कैबिनेट के फैसले के बाद से हर हफ्ते-पंद्रह दिन में विभागीय बैठकों में भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश देते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कर्मचारी चयन मंडल और मप्र लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा।



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला का कहना है कि भर्ती की प्रक्रिया जारी है। कर्मचारियों की भर्ती चरणबद्ध ढंग से की जाएगी। दस हजार कर्मचारियों की भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इसके अलावा 350 डॉक्टरों की भर्ती के लिए एमपी-पीएससी विज्ञापन जारी कर चुका है।

विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक अस्तपालों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाते रहते हैं। गत मार्च में हुए विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा विधायक रीति पाठक ने अपनी ही सरकार को घेरते हुए कहा था, हमारे सीधी के जिला चिकित्सालय में 36 स्वीकृत पदों में से केवल 12 पदों पर विशेषज्ञ डॉक्टर काम कर रहे हैं, जबकि 24 पद रिक्त हैं। ऐसे में अस्पताल कैसे चलेगा? उन्होंने कहा था कि सीधी जिला एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत गंभीर है। अस्पतालों में कर्मचारियों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी पूरी करने के लिए डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने पिछले साल 11 जून को स्वास्थ्य विभाग में 46 हजार 491 नए पदों का सूजन कर उन पर भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। प्रस्ताव के अनुसार अस्पतालों में पैरामेडिकल स्टाफ, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी की भर्ती की जानी है। स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सदन में बताया कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 हजार मेडिकल की नई सीट बढ़ाने का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश में भी 5 से 7 हजार तक एमबीबीएस की सीट बढ़ेंगी। यहां मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए सरकार 3900 पदों पर पीएससी के माध्यम से डॉक्टरों की नई भर्ती करने जा रही है। इसके साथ ही 4300 पदों पर पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जाएगी। करीब 16000 पद आउटसोर्स के माध्यम से भी भरे जाएंगे।

### कैबिनेट में भी लिया गया भर्ती का निर्णय

कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया था कि इनमें से 18,653 पदों की पूर्ति 3 वर्ष में की जाएगी। शेष 27,828 पदों की पूर्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से होगी। इसके अलावा कैबिनेट में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पड़े 1214 पदों में से 607 पद सीधी भर्ती से भरने और शेष पद मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरने का निर्णय लिया गया था। कर्मचारी चयन मंडल ने फरवरी में नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के 2267 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की थी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में भर्ती के लिए अन्य कोई परीक्षा नहीं हुई। सरकार ने पिछले साल जुलाई में आने वाले पांच साल में ढाई लाख पदों पर भर्ती का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत नवंबर में अफसरों को निर्देश दिए थे कि दिसंबर, 2024 तक एक लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके बाद से अब तक कर्मचारी चयन मंडल ने सिर्फ तीन विभागों स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षाएं आयोजित कराई हैं। मप्र सरकार ने नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आकांक्षी युवा नाम दिया है, लेकिन विधानसभा के बजट सत्र में बेरोजगारी से संबंधित सवाल के जवाब के मुताबिक, सरकार के पास बेरोजगारों की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।



#### एम्स में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया

## शोध एवं अकादमिक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

**भोपाल (ईएमएस)।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में एम्स भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 के उपलक्ष्य में नर्स सप्ताह समारोह के अंतर्गत एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नर्सिंग पेशेवरों और छात्रों द्वारा वैज्ञानिक शोध, अकादमिक गैलरी और शैक्षणिक पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मरीजों की देखभाल और नर्सिंग प्रथाओं को उन्नत बनाने हेतु नवाचारी विचारों एवं शोध गतिविधियों को साझा करना था। प्रदर्शनी का मूल्यांकन एम्स भोपाल के तीन वरिष्ठ संकाय सदस्यों - प्रो. डॉ. विजेंदर सिंह (मनोरोग विभाग), प्रो. डॉ. अजय हलदर (प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) और प्रो. डॉ. रेखा लालवानी (शरीर रचना विभाग) द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में भी शोध में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, यह प्रदर्शनी नर्सिंग पेशेवरों और छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जहां वे अपने अनुसंधान एवं नवाचार को साझा कर सकते हैं। यह पहल न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गुणवत्ता और दक्षता में सुधार की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं आयोजन से जुड़े सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई देता हूं। इस सफल आयोजन में डॉ. लिली पोद्दार, अखिल टी., संदीप एम., खुशबू और सुश्री प्रिया जे. का विशेष सहयोग रहा।

## श्री पार्श्वनाथ भगवान जैन मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा के साथ मनाया



● **भोपाल, ईएमएस।**


श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर प्रोफेसर कॉलोनी का स्थापना दिवस श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। जिनालय में विराजमान जिन प्रतिमाओं के पंचकल्याणक महोत्सव के 18 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक और विशेष पूजा अर्चना के साथ अष्ट द्रव्य से श्री पार्श्वनाथ विधान हुआ। संध्या कालीन आरती के साथ णमोकार महामंत्र भक्तांमर का वाचन भी हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष रवीन्द्र जैन पत्रकार, मनोज जैन, एमके भारत, पदम कुमार सेठी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एमपी पीएससी 5 महीने में 15 बड़ी परीक्षाओं का शेड्यूल

### चयन सूची पर संशय, लेकिन 18 से अहम परीक्षाएं शुरू होंगी

● **भोपाल, ईएमएस।**

एमपी पीएससी की कई अहम परीक्षाओं की चयन सूची भले ही रुकी हुई है, 2025 की राज्य सेवा सहित कई परीक्षाएं कोर्ट में अटकी हैं, लेकिन 18 मई से एक बार फिर महत्वपूर्ण परीक्षाओं का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। शुरुआत 18 मई से सहायक संचालक-पशु चिकित्सा, सहायक शल्यज्ञ-2024 परीक्षा के साथ होने जा रही है। इसके बाद 1 जून को असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2024 होना है। 16 विषयों के लिए यह परीक्षा होगी। उसके बाद 9 से 14 जून तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 प्रस्तावित है। हालांकि यह कोर्ट की सहमति के बाद ही हो पाएगी, क्योंकि प्री परीक्षा के रिजल्ट पर रोक लगी हुई है। मामले में परीक्षा को लेकर अलग से सुनवाई चल रही है। 27 जुलाई को 12



अन्य विषयों के लिए सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा होगी। फिर अगस्त में भी कई परीक्षाएं होनी हैं।

सहायक संचालक संस्कृति-2024 व स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस जैसी बड़ी परीक्षा 24 अगस्त को होगी। 21 सितंबर को सहायक संचालक तकनीकी परीक्षा-2024 होगी। अक्टूबर में सबसे ज्यादा परीक्षाएं होंगी। इनमें 12 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी-2024, दंत चिकित्सा परीक्षा-2024 (श्रम विभाग), सहायक अनुसंधान अधिकारी परीक्षा-2024 होगी। वहीं इसके अगले माह 23 नवंबर को सहायक प्रबंधक परीक्षा-2024 होगी। इसी दिन आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी परीक्षा-2024 होगी। 7 दिसंबर को सहायक पंजीयक परीक्षा 2024 होगी। 14 दिसंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रसायनज्ञ परीक्षा-2024 होगी।

सीए फाइनल और इंटरमीडिएट की परीक्षा अब 9 से 14 मई की जगह 16 से 24 मई तक होगी। फाइनल की परीक्षा के ग्रुप 2 का पांचवां पेपर अब 10 मई की जगह 16 मई को होगा। ग्रुप 2 का छठा पेपर 13 मई की जगह 18 मई को होगा। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप 2 का चौथा पेपर 9 मई की जगह 20 मई को होगा। पांचवां पेपर 11 की जगह 22 मई को होगा और छठा पेपर 14 की जगह 24 मई को होगा।

### स्टेट इंजीनियरिंग में 23 पद ही रहेंगे

इधर, राज्य अभियांत्रिकी सेवा (स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस) परीक्षा-2024 में सिर्फ 23 ही पद रहेंगे। लंबे इंतजार के बाद भी पद नहीं बढ़ाए गए हैं। अब पद बढ़ने की संभावना कम है। हालांकि अभ्यर्थियों की तरफ से दबाव बनाया जा रहा है कि कम से कम 100 पद बढ़ाए जाना चाहिए। परीक्षा 24 अगस्त को इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में ओएमआर शीट पर आधारित होगी। रिजल्ट के बाद चयनित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू होंगे। सभी स्पेशलाइजेशन में प्रथम परचा सामान्य अध्ययन का 150 अंकों का होगा। इसमें कुल 50 प्रश्न रहेंगे। वहीं दूसरा प्रश्न-पत्र संबंधित विषय (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) का होगा।

#### बिगड़े वन सुधार नीति पर वनवासी संघ-आदिवासी संगठन पहले से नाराज

## निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

● **भोपाल, ईएमएस।**

मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है।

वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा



जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था और इसके बाद निजी क्षेत्रों के सहयोग से बिगड़े वनों का विकास संबंधी कार्यक्रम रुक गया है। इन हालातों को देखते हुए वन अफसरों ने अब एक नीति का मसौदा तैयार किया है। इसमें निजी क्षेत्रों के सहयोग से वन्य प्राणियों के संरक्षण का प्रस्ताव है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सीएसआर और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के रहवास और संरक्षण को लेकर वन विभाग अंशदान लेकर काम करा सकेगा।

### शादी के रिसेप्शन में हुई जमकर मारपीट

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में चल रहे मांगलिक कार्यक्रम के दौरान जमकर मारपीट हो गई। बताया गया है कि तीन आरोपियो ने लोहे की रॉड और पत्थर से वार कर चार लोगों को घायल कर दिया। जिसमें पति-पत्नी की हालत नाजुक बताई जा रही हैं। उन्हें इलाज के लिये एम्स में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस के अनुसार लहारपुर गांव में स्थित सरकारी स्कूल के पास मैदान में रामू गिरी की शादी का रिसेप्शन चल रहा था। उसी दौरान लहारपुर में ही रहने वाले नगुआ उर्फ नागेंद्र विश्वकर्मा, उसका रिश्तेदार धनुआ उर्फ धनराज विश्वकर्मा, दीनू और उसके अन्य साथी आ धमके। आरोपियों ने रिसेप्शन में गाली-गलौज करते हुए पत्थर और लोहे की रॉड से वार हमला कर दिया।

## मध्य प्रदेश में बदले जाएंगे भर्ती के नियम

### सभी विभागों के लिए होगी समान नियमावली

● **भोपाल, ईएमएस।**

मध्य प्रदेश के सभी विभागों में कर्मचारियों की भर्ती के नियम समान करने की तैयारी है। इसके लिए आदर्श भर्ती नियमावली बनाई जा रही है। शासन ने इसकी जिम्मेदारी सामान्य प्रशासन विभाग को दी है। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से इस बारे में सुझाव मांगे हैं।

दरअसल, प्रदेश में विभिन्न विभागों में अगले दो-तीन साल में करीब ढाई लाख पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसके लिए ही सभी विभागों के भर्ती नियम एक जैसे करने का निर्णय लिया गया है, ताकि कोई नियमसंगत समस्या खड़ी न हो। ऐसा इसलिए, क्योंकि अब तक कई विभागों में भर्ती के कुछ नियमों में भिन्नता है।

### चयन भर्तियों में किए जा चुके हैं बदलाव

बता दें कि हाल ही में राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षाओं को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इनके अंतर्गत अब वर्ष में केवल एक बार होंगी। इससे अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षा और फीस नहीं देनी होगी। जनवरी 2026 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इससे भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और समय पर होगी। यह कदम अभ्यर्थियों के हित में माना जा रहा है।


मसलन, वन विभाग, शिक्षा विभाग और नगर तथा ग्राम निवेश सेवा भर्ती के कुछ नियम अलग-अलग हैं। इनके आधार पर राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन मंडल भर्ती नियम तैयार करके अलग-अलग विज्ञापन निकालते हैं। नियम अलग होने से इन चयन एजेंसियों को विभागवार भर्ती करने में परेशानी होती है और समय भी अधिक लगता है। चूंकि, अब प्रदेश में बड़े पैमाने पर भर्तियां होनी हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि सभी विभागों के भर्ती नियमों में एकरूपता रहे ताकि भर्ती विज्ञापन जारी करने में विलंब न हो। एक जैसी प्रकृति के विभागों के लिए भर्ती एक साथ करवा दी जाएंगी। इससे समय और संसाधन की बचत होगी। इसे देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक समिति भी बनाई गई है, जो नियमों का अध्ययन करके रिपोर्ट देगी।

#### फॉर्मर रजिस्ट्री की वजह से सर्वर पर बढ़ा लोड

# पोर्टल पर ऑनलाइन सेवा रात 8 से सुबह 6 बजे तक

● **भोपाल, ईएमएस।**

डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री किसानों और अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गई है। सर्वर की परेशानी से फार्मर रजिस्ट्री की गति तेज नहीं हो पा रही है। वहीं वेबसाइट की दिक्कतों के चलते पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध हो पा रही हैं। इससे किसान परेशान हो रहे हैं। गौरतलब है कि सामान्यत~ गर्मियों के सीजन में ही किसान जमीनों से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण कराते हैं, लेकिन इन दिनों किसानों को भू-अभिलेख पोर्टल से जमीनों के




दस्तावेज ही नहीं मिल रहे हैं। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। चूंकि भू-अभिलेख की सेवा रात में चालू होती है, जबकि ज्यादातर किसान गांव में रहते हैं। जहां प्रिंट निकालने जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं रहती है। रात में दुकानें भी बंद हो जाती हैं। हाल ही में किसानों की ये समस्याएं सीएम हेल्पलाइन से लेकर अधिकारियों तक पहुंच रही हैं। गौरतलब है कि मप्र सरकार द्वारा किसानों की जमीनों से जुड़े दस्तावेजों को ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन शर्त यह है कि ये दस्तावेज रात के अंधेरे में ही ऑनलाइन उपलब्ध हैं। दिन के समय जमीनों से जुड़ा कोई भी दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है। आयुक्त भू-अभिलेख ने यह अजीब व्यवस्था लागू की है, जिससे प्रदेश भर के किसान एवं आम लोग परेशान हो रहे हैं। दरअसल, आयुक्त भू अभिलेख के पोर्टल पर भू-अभिलेख से जुड़ी से ऑनलाइन सेवा रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध है। यानी दिन में यदि कोई व्यक्ति अपनी जमीन से जुड़े दस्तावेज निकलवाना चाहे या जमीन से जुड़ी जानकारी सर्च करना चाहे तो, पार्टल पर यह सेवा उपलब्ध ही नहीं रहती है। हालांकि रात 8 बजे के बाद भू-अभिलेख पर दस्तावेजों के सर्च एवं रिपोर्ट निकालने की सुविधा शुरू हो जाती है। इस संबंध में आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय से बताया गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री की वजह से सर्वर पर लोड ज्यादा है। इसलिए मुफ्त में जो सुविधा बंद थी, वह अस्थाई रूप से बंद कर दी गई है। हालांकि लॉगिन करके सुविधा ली जा सकती है। राजस्व अधिकारी या बैंक काम कर सकते हैं।

### कार्यालयीन समय में सेवा गायब

आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा पोर्टल से दिन के समय जमीनों के दस्तावेज गायब करने को लेकर भू-अभिलेख से जुड़े अधिकारी ने बताया कि भू-अभिलेख सेवा फिलहाल सिर्फ रात 8 से सुबह 6 बजे तक ही उपलब्ध है। हालांकि पोर्टल पर उपलब्ध ग्राहक सेवा नंबर से ज्ञात होता है कि भू- अभिलेख की सेवा कार्यालयीन दिवस में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ही उपलब्ध है। जबकि इस दौरान यह सेवा अनुपलब्ध रहती है। इसके पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि प्रदेश में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान चल रहा है।

### पांच साल के मासूम की कुएं में गिरने से मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** नजीराबाद थाना इलाके में पांच साल के मासूम की कुएं में गिरने के कारण मौत हो गई। बताया गया है मासूम कुएं के जिस हिस्से में गिरा था, उस हिस्से में पानी नहीं था। गिरने के कारण उसे सिर में लगी घातक चोट के कारण उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 साल का राज अहिरवार विदिशा जिले के शमशाबाद का रहने वाला था। नजीराबाद इलाके में नायसमन गांव में उसकी मां की चचेरी बहन की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए राज अपनी मां के साथ आया हुआ था।

## डेटिंग एप पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**भोपाल(ईएमएस)।** पिपलानी इलाके में रहने वाली महिला की डेटिंग एप पर एक युवक से दोस्ती हो गई। युवक ने शादी का झांसा देकर होटल में उसके साथ शारीरिक संबध बना डाले। बाद में आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया जिसके बाद मामला थाने जा पहुंचा, पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इलाके में रहने वाली 26 साल महिला ने बताया की वह शादीशुदा है, उसकी दोस्ती करीब आठ माह पूर्व डेटिंग एप पर रीवा में रहने वाले अमन भारद्वाज से हुई थी। चैटिंग के बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बात होने लगी। इस दौरान अमन उससे मिलने रीवा से भोपाल आया और पिपलानी की एक होटल में ठहरा। बीती 4 मई को उसने महिला को होटल में मिलने के लिये बुलाया। वहां उसने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना डाले। इसके बाद करीब एक सप्ताह तक वह उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बीते दिनो जब पीड़िता ने उससे शादी करने की बात कही तो तब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। महिला ने घटना की शिकायत पिपलानी थाने पहुंचकर की।

### नर्सिंग होम संचालकों की बैठक संपन्न

**सतना, ईएमएस।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नर्सिंग होम संचालकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

# विचार मंथन

### सिविल डिफेंस वॉलिंटियर प्रशिक्षण आयोजित

**बुरहानपुर, ईएमएस।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को सेवा सदन कॉलेज बुरहानपुर में एनसीसी सीनियर डिवीजन के लगभग 20 छात्र-छात्राओं को सिविल डिफेंस सेवा से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में सिविल डिफेंस सेवा से जोड़ने संबंधी फॉर्म भरवा गए।



## संपादकीय

# न्यायामूर्ति वर्मा - इस्तीफा या महाभियोग ?

देश की न्यायिक प्रणाली उस मोड़ पर खड़ी है, जहां नैतिकता, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ न्यायाधीश का आचरण परखा जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने और उसके बाद शुरू हुई जांच ने न्यायपालिका की छवि पर गहरा असर डाला है। जब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर उनसे इस्तीफा देने को कहा, तो यह स्पष्ट था, कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक दृष्टि से न्यायपालिका के लिए गंभीर मामला है। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह कहते हुए इस्तीफा देने से इनकार कर दिया कि यह उनके आत्मसम्मान के खिलाफ है। उनके खिलाफ साजिश रची गई है। यह बयान उस विश्वास को और चोट पहुंचाता है, जो देश की जनता न्यायपालिका पर भगवान के समान आस्था रखती है। जब आरोप इतने गंभीर हों, हाईकोर्ट के तीन मुख्य न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट भी आरोप की पुष्टि करे, तब यह तर्क कि ÷यह साजिश है। एक जिम्मेदार संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए अपर्याप्त कारण प्रतीत होता है। अब सवाल उठता है क्या न्यायमूर्ति वर्मा महाभियोग के जरिए हटाए जाएंगे, या अंतिम समय पर इस्तीफा देंगे? भारत का संविधान इस प्रक्रिया को स्पष्ट करता है।

किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाना अत्यंत कठिन और दीर्घ कालीन प्रक्रिया है, जिसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यह लोकतंत्र की मजबूती और न्यायपालिका की स्वायत्तता का प्रतीक है। ऐसे मामलों में यह प्रक्रिया विलंब का कारण भी बन जाती है। वहीं वर्तमान संदर्भ में दोषियों को संरक्षण देने का काम भी करती है। इस संकट के समय में हमें यह नहीं भूलना चाहिए, कि संविधान सर्वोपरि है। न्यायपालिका ही सर्वोच्च संस्था है जो संविधान के अनुसार गुण और दोष के आधार पर फैसला करती है। न्यायपालिका की सर्वोच्चता का अर्थ यह नहीं कि वह जवाबदेही से मुक्त है। एक न्यायाधीश का आचरण न केवल उसके पद के अनुरूप गरिमा तय करता है बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ होता है। आज देश की निगाहें इस घटनाक्रम पर हैं। अगर न्यायमूर्ति वर्मा स्वयं त्यागपत्र देकर उच्च नैतिक मानदंड स्थापित करते, तो यह एक उदाहरण बनता। यदि उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया, तो महाभियोग ही वह रास्ता है जो यह सिद्ध करेगा, भारत में कानून से ऊपर कोई नहीं है। यह अवसर है, न्यायपालिका के आत्ममंथन का, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायपालिका की सर्वोच्चता को बरकरार रखने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। न्यायपालिका की जवाबदेही को मजबूत बनाए रखने के लिए संसद के पास यह मामला भेजा है। वह जज के मामले में उपयुक्त निर्णय लें। अगर न्याय के मंदिर को लेकर अविश्वास आ जाए, तो लोकतंत्र की नींव डगमगा सकती है। न्यायपालिका के प्रति आम नागरिकों की आस्था बनी रहे। विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ न्यायपालिका भी अपना काम संविधान की भावना के अनुरूप आचरण करते हुये संविधान के नैतिक सिद्धांतों के आधार पर निर्णय करेंगे, तभी संविधान की रक्षा हो सकेगी। न्यायपालिका ने यह कार्यवाही कर साबित कर दिया है, न्यायपालिका की भी जवाबदेही संविधान के प्रति है। उसे भी संविधान के अनुसार अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ कार्य करना होता है। न्यायाधीश यदि अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हैं, तो वह भी दंडित होने के पात्र हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश 13 मई को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। उसके पहले उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा किया है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा पर उपयुक्त कार्यवाही करने के लिए लिखा है।

निश्चित रूप से इससे न्यायपालिका की साख बनी रहेगी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की सर्वोच्चता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी था। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज संविधान के न्याय सिद्धांतों के आधार पर बिना किसी दबाव, बिना किसी भय और लालच के न्याय कर सकें। संविधान ने जो दायित्व न्यायपालिका को सोंपा है, उसके अनुसार नागरिकों के मूल अधिकारों को संरक्षित कर पाएंगे, यह आशा की जाती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने यशवंत वर्मा द्वारा इस्तीफा नहीं दिए जाने पर, अब यह मामला संसद के ऊपर छोड़ दिया है। वह उपयुक्त निर्णय कर यदि महाभियोग के जरिये न्यायमूर्ति वर्मा को हटाया जाये। यह भारत की पहली घटना होगी, जिसमें किसी हाईकोर्ट के न्यायाधीश को महाभियोग के माध्यम से हटाया जाएगा। हो सकता है कि इसके पहले यशवंत वर्मा इस्तीफा देकर महाभियोग का सामना ना करें।

– सनत जैन

# सत्य, भक्ति और संवाद के अग्रदूत देवर्षि नारद


योगेश कुमार गोयल

नारद मुनि की छवि को एक चुगलखोर अर्थात् इधर की उधर करने वाले और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया गया है लेकिन वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना ही परिलक्षित होता रहा है। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से वे तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य करते हैं और पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरूष हैं। देवताओं के ऋषि होने के साथ-साथ वे ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार के रूप में लोकमंडल के संवाददाता हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। उन्हें ब्रह्माण्ड का पहला ऐसा संदेशवाहक अर्थात् पत्रकार माना जाता है, जो एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया करते थे।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 13 मई को मनाई जा रही है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात् देवर्षि नारद की पूजा की जाती है। अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा


देवर्षि नारद जयंती पर विशेष

अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है।

धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे। मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है। जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद ! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात् भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढे में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है। सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं।

## सुविचार

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी। – **रवींद्रनाथ ठाकुर**

मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है। – **वेदव्यास**

## प्रसंग

# गुरु सेर, चेला सवा सेर

एक पाठशाला के गुरूजी अपने आलस्य के लिए इतने मशहूर थे कि कोई भी अपना बच्चा उनके पास नहीं भेजना चाहता था। लेकिन एक दिन एक पिता अपने लड़के को पढ़ाने के लिए आलसी गुरूजी के पास लाए। पिता ने पुत्र को गुरूजी को सौंपते हुए कहा - इसे इच्छे तरीके से पढ़ाना। अच्छी बात है- आलसी गुरूजी ने चिढ़कर कहा। आलस गुरूजी को यह अच्छा नहीं लग रहा था कि काम करना पड़ेगा। फिर भी वे बोले- तुम मुझसे ही पढ़ना चाहते हो तो जाए, अपने लिए एक मेज ले आओ। किसलिए ? लड़के ने पूछा। उसके ऊपर पान के पत्ते रखने हैं न और अपने गुरूदेव की प्रार्थना करनी है। यह मेरी पाठशाला का कायदा है। अपना सर खुजाते हुए नए शिष्य ने कहा- तो मैं घुटनों और पंजों के बल खड़ा हो जाता हूं। मेरी पीठ पर पान के पत्ते रखे जा सकते हैं। इस तरह हम दोनों मेहनत से बच जाएंगे। यह सुन कर गुरूजी शिष्य के चरणों पर गिर पड़े और बोले- शाबाश, बोटो ! तुमको मुझसे कुछ भी सीखने की जरूरत नहीं है। मुझको जो विद्या सबसे अच्छी आती हैं, वह है काम करने से बचना। इसमें तुम तो मेरे भी गुरु है।

# किस्सा-ए-पाक : फिसल रही सत्ता की लगाम : भारी पड़ रहा युद्ध विराम....!


ओमप्रकाश मेहता

'सिंदूर' वैसे तो सुहाग का प्रतीक है, किंतु मौजूदा राजनीतिक संदर्भों में 'सिंदूर' के संदर्भ बदल गए है, आज यह किसी के लिए सौभाग्य बन रहा है तो किसी के लिए दुर्भाग्य भारत-पाक के मौजूदा राजनीतिक संदर्भ में इसका महत्व बढ़ गया है, आज यह किसी की मांग से गायब होकर उसके लिए दुर्भाग्य बन रहा है तो किसी के लिए सौभाग्य।

जी हां, आज सिंदूर पर विशेष चर्चा का कारण भारत-पाक के बीच मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम है, जो युद्ध का रूप धारण कर चुका है, पाक में यह विशेष चर्चा विषय इसलिए बन गया है क्योंकि पाक के जन्म के बाद से ही वहां की वास्तविक शासक सेना ही रही है। राजनीतिक हस्तियों ने सेना का मोहरा बनकर ही वहां काम किया है और आज भी वहां यही परिपाटी जारी है, और यही परिपाटी जारी है, और हर मुखौटे ने वहां सेना के इंशारे पर ही काम किया है। वहां आज भी यही हो रहा है, मौजूदा हालातों में जब वहां के सत्ता प्रमुख प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम स्वीकार किया तो वहां के सेना प्रमुख ने उसे अस्वीकार करते हुए युद्ध की शुरूआत कर दी। इन हालातों में पाकिस्तान का इतिहास गवाह है कि वहां सत्ता परिवर्तन सन्नीकट है तथा कभी भी सत्तारूढ़ शरीफ कुनबे को दरकिनार कर वहां की सेना अपने पसंदीदा बिलावल को सत्ता सौंप सकती है। मौजूदा हालातों में पाक के सेना प्रमुख मुनीर सत्ता का खेल-खेल रहे है और शरीफ कुनबे को सत्ता से बाहर कर सकते है, भुट्टों खानदान के बिलावल इन दिनों सेना के काफी निकट है और वहां की सेना कभी भी अपनी पसंद के शख्स को सत्ता सौंप सकती है अर्थात् कुल मिलाकर पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन काफी निकट माना जा रहा है। आज की वास्तविकता यही है कि युद्ध विराम के बाद वहां नए राजनीतिक समीकरण सामने आने लगे है। मौजूदा हालातों का लाभ उठाकर सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अब सत्ता के साथ खेल शुरू कर दिया है और शरीफ कुनबे ने कठपुतली की भूमिका अदा की। पाक के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सीज़ फायर के निर्णय में साथ ही नही लिया गया और इस घटनाक्रम के बीच पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टों की पार्टी पीपीजी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टों का सियासी बद और बढ़ गया है, सिंधु समझौता रद्द होने के बाद उन्होंने सिंध में बड़ी रैलियां आयोजित की, जिसके माध्यम से वे फिर राजनीति की सुर्खियों में आ गए। वे इस कदम के माध्यम से सत्ता के शीर्ष तक पहुंच सकते है और वे इस तरह सेना प्रमुख मुनीर की पसंद बन सकते है। इस तरह मौजूदा हालात पाक के लिए काफी मायने रखते है।

वैसे मौजदू घटनाक्रमों की वजह से डिप्लोमैसी में पाकिस्तान का कद काफी घट गया है, पाकिस्तान ने चीन व तुर्कीए के साथ मानकर भारत के साथ सामना करने का जो दम भरा था, तुर्कीए और चीन ने पाकिस्तान को सैन्य साज-ओ-सामान भी दिया, लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान के लिए डिप्लोमेटिक साथ नही जुटा पाया, अब अमेरिका सहित, फ्रांस, ब्रिटैन, इटली और जर्मनी जैसे बड़े देशों में भारत का खुलकर समर्थन जाहिर हो रहा है। लेकिन पाक को अपने ही मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी का भी समर्थन नहीं मिल पा रहा है और आज मुस्लिम सउदी अरब और ईरान जैसे देशों का भारत को समर्थन मिल रहा है। जबकि पाक को इन देशों से समर्थन की उम्मीद थी। इस प्रकार कुल मिलाकर स्थिति विकट है, पाक के लिए।

## जरा हटके

# विज्ञान का चमत्कार: मृत व्यक्ति गवाही देने पहुंचा कोर्ट!

**न्यूयार्क (ईएमएस)।** जिस इंसान की मौत का केस चल रहा था, वो अपने ही हत्यारे को मैसेज देने के लिए चार साल बाद कोर्ट में पहुंच गया। जज भी भौचक्के रह गए कि आखिर ये हुआ कैसे? वैसे विज्ञान और टेक्नोलॉजी की दुनिया में सब कुछ मुमकिन है। अमेरिका में एक 37 साल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके हत्यारे पर केस चल रहा था, इसी बीच खुद वो शख्स कोर्ट में गवाही देने के लिए पेश हो गया। ये देखकर कोर्ट में मौजूद सभी लोग दंग रह गए।

ये मामला अमेरिका के एरिज़ोना का है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 में एक विवाद के बाद गैब्रियल होरकासिटास नाम के व्यक्ति ने क्रिस्टोफर पेल्की नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी दौरान मौत के चार साल बाद पेल्की ने कोर्ट में विक्टिम इम्पैक्ट स्टेटमेंट दिया। चौंकिए मत, ये स्टेटमेंट उसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिया दिया। वे ग्रे बेसबॉल कैप, ग्रीन हुडी और दाढ़ी में आए और उन्होंने कोर्ट में मौजूद अपने हत्यारे और वहां मौजूद लोगों को अपना मैसेज दिया। पेल्की को इस तरह देखकर लोग दंग रह गए और उन्होंने उसकी बात ध्यान से सुनी। पेल्की के एआई वर्ज़न ने अपने हत्यारे से कहा कि ये शर्म की बात है कि हम एक-दूसरे से उन परिस्थितियों में मिले। किसी और ज़िंदगी में हम शायद दोस्त हो सकते थे। इसके बाद फिल्टर के ज़रिये उनकी एक जवानी की तस्वीर को फिल्टर के ज़रिये बूढ़ा होते हुए दिखाया गया।

इसके बाद पेल्की के एआई वर्ज़न ने कहा कि ये सबसे अच्छा है, जो मैं आपको दे सकता हूं। अगर बूढ़ा होने का मौका मिलता, तो मैं कैसा दिखता। उसने ये भी कहा कि बूढ़ा होना ज़िंदगी के लिए एक उपहार है, इसलिए इसे अपनाएं और झुर्रियों के बारे में सोचना बंद करें। कोर्ट में मौजूद जज टॉग लैंग पेल्की के इस डिजिटल अवतार से चौंके भी और काफी इम्प्रेस भी नज़र आए।

## फोटो ऑफ द डे


सियोल में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ली जी मयूंग के चुनाव अभियान में शामिल उनके समर्थक नारे लगाते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

### भारत-पाक सीजफायर से पोप लियो भी खुश

वेटिकन सिटी के नव निर्वाचित पोप लियो-14 ने पहले रविवार के संदेश में भारत और पाकिस्तान को महत्व दिया और सीजफायर का स्वागत करते हुए कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह दुनियां को शांति का चमत्कार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकार खुशी हुई और उम्मीद है कि बातचीत से परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच एक स्थायी समझौता हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह दुनिया को 'शांति का चमत्कार' प्रदान करें। इस संदेश के बाद सभी यही कह रहे हैं कि सही मायने में कोई भी धर्म या संत समाज कभी भी जीवमात्र को हानि पहुंचाने को सही नहीं ठहराते हैं। फिर चाहे वह किसी भी प्रकार की हिंसा क्यों न हो। इस समय में जबकि दुनियां हिंसा की चपेट में है पोप लियो का संदेश वाकई मायने रखता है। हिंसा के बगैर हर समस्या का हल बातचीत और संयम से निकाला जाना चाहिए।

### रहीम यार खान एयरबेस की तबाही से आशय

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद यह बतलाया जा रहा है कि किसने किसका कितना नुक्सान किया। इसी कड़ी में बताया गया कि भारत द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का रहीम यार खान एयरबेस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने इसे 8 दिन के लिए नॉन-ऑपरेशनल घोषित कर दिया है और इस पर वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड भी लगा दिया गया है। दरअसल यहां भारत की जवाबी कार्रवाई में एयरबेस के रनवे पर बड़ा गड्ढा बन गया, जिसकी सैटेलाइट तस्वीरों और वीडियो फुटेज जारी करते हुए पुष्टि भी की गई है। इस पर जानकार कहते हैं कि यदि वाकई रहीम यार खान एयरबेस तबाह हो जाता तो दुनियां के सामने एक बड़ा संकट पैदा हो चुका होता। दरअसल सूत्रों के हवाले से बताया गया कि यह वही स्थल है, जहां परमाणु शक्ति संपन्न असला जमा करके रखा गया है और इस कारण यह पाकिस्तान के लिए भी खासा महत्व रखता है। सच्चाई क्या है आधिकारिक तौर पर अभी तक कुछ कहा नहीं जा सका है। पर यह सच है कि सैन्य कार्रवाई या युद्ध विभीषिका की तस्वीरें देने के सिवा कुछ और दे नहीं सकते।

## व्यंग्य

# कैमरा कोण और दृष्टिकोण

-अरुण अर्णव खरे

राजनीति में तीन चीजें - कैमरा, कोण और दृष्टिकोण अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। जिस नेता ने इन चीजों को अच्छे से समझ लिया, सफलता उसके कदमों में होती है। बटुक जी ऐसे ही नेता हैं इसलिए सफलता के शिखर पर हैं। उनका दृष्टिकोण साफ है। पार्टी और नीतियाँ एक सीमा तक ही उन्हें बाँधकर रख पाती हैं। अपने जमीर, अपनी अंतरात्मा को उन्होंने इस भार से मुक्त रखा है इसलिए उनके चरण भी भारहीन हो गए हैं, जिस वजह से वह दाएँ-बाएँ कहीं भी आसानी से विचरण कर सकते हैं। कर सकते क्या, करते चले आ रहे हैं। निष्ठा और भावनात्मक लगाव जैसे शब्द उन्होंने राजनीति के शुरुआती दिनों में ही अपने शब्दकोष से बाहर कर दिए थे। नैपोलियन की ही तरह असंभव शब्द भी उन्हें पसन्द नहीं है, इसलिए भी वह किसी भी पार्टी में आसानी से आवागमन कर लेते हैं।

दूरदृष्टि और पक्का इरादा उनका ध्येय वाक्य है। कुर्सी कभी उनकी दृष्टि के दायरे से बाहर नहीं रही। उनकी दृष्टि में पद का हमेशा अहम स्थान पर रहा है। येन, केन प्रकारेण वह पद पाकर ही रहते हैं। यही पक्का इरादा लेकर वह राजनीति में आए थे। उनका मानना है कि पद है तो पैसा है और पैसा है तो प्रतिष्ठा है। परिस्थिति अनुसार यह क्रम बदला भी जा सकता है यानि कि पैसों के साथ पद का ऑफर मिले तो वह चलती हुई सरकार गिराने से भी गुरेज नहीं करते। रही बात प्रतिष्ठा की तो वह दोनों ही स्थितियों में बरकरार रहती है। दृष्टिकोण का यही लचीलापन, यही तरलता उन्हें हाशिए पर नहीं जाने देती, हमेशा मध्य में बनाए रखती है। राजनीति में कोण के महत्व को भी वह बखूबी जानते हैं। उन्हें पता है कि किसके सामने कितने डिग्री के कोण से झुकना है। दृष्टिकोण की तरह उनका शरीर भी लचीला है। वह आवश्यकतानुसार 45 डिग्री से लेकर 180 डिग्री के कोण तक झुक लेते हैं। उनका शरीर स्वमेव अपने वरिष्ठों के सामने 60 डिग्री और आलाकमान के सामने 180 डिग्री तक झुक जाता है। छुटभैयों के साथ वे 90 डिग्री का कोण बनाते हुए भाव-विन्यास में पेश आते हैं। इसलिए उनके सारे पाप और कुकर्म गौण रहते हैं। छुटभैये उनका जयकारा लगाते नहीं थकते। वे जिस भी पार्टी में जाते हैं, स्वीकार कर लिए जाते हैं। उन्हें टिकट और पद के संकट का सामना नहीं करना पड़ता। चूँकि वह किसी के प्रति निष्ठाभाव नहीं रखते और सिद्धांतों के पचड़े में नहीं पड़ते अतएव अपनी ही कही बात पर आसानी से यू-टर्न ले सकते हैं। नेतागिरी को चमकाने में कैमरे के रोल को उन्होंने शुरुआती दिनों में ही समझ लिया था। इसलिए स्वयं को अपरिहार्य बनाए रखने के लिए वह कैमरे का सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों पूर्ण सजगता और समझदारी से करते आए हैं। उनके पास स्पाई कैमरे से शूट किए गए सैकड़ों नेताओं के अंतरंग क्षणों के रंगीन दस्तावेज हैं जिनका उपयोग वह हर पार्टी में अपनी हैसियत बनाए रखने के लिए करते आए हैं। इस मामले में वे पूर्ण सतर्कता बरतते हैं। वह वीडियो लीक करने की धमकी भर देते हैं, वीडियो लीक करने के बारे में सोचते नहीं। अधिकतर इतने से ही उनका काम चल जाता है। दरअसल उनको भी तो अंदर ही अंदर डर सताता है कि कहीं किसी प्रतिद्वंद्वी के पास उनका भी कोई ऐसा-वैसा वीडियो न हो। कैमरे के सदुपयोग के मामले में वह बहुत संवेदनशील हैं।

## चिंतन-मनन

# श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु ! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे ! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि ! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं।

महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले- तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

## स्वास्थ्य

# डायबिटीज मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है आम

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** गर्मी के मौसम में शरीर का पाचन कमजोर हो सकता है और ब्लड शुगर लेवल असंतुलित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। कई ऐसे मौसमी फल होते हैं जो स्वाद में भले ही लाजवाब हों, लेकिन इनमें प्राकृतिक शर्करा (फ्रक्टोज) की मात्रा और ग्लाइसेमिक इंडेक्स अधिक होता है। ऐसे फल डायबिटीज रोगियों के लिए जोखिम भरे साबित हो सकते हैं क्योंकि ये ब्लड शुगर को अचानक बढ़ा सकते हैं। गर्मियों में सबसे अधिक खाया जाने वाला फल है आम, जो डायबिटीज मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है।

इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 51-56 के बीच होता है और इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा भी अधिक होती है। यदि आम खाना बहुत जरूरी हो तो इसकी मात्रा सीमित रखें और नट्स या दही के साथ लें ताकि शुगर तेजी से न बढ़े। अंगूर भी इसी श्रेणी में आता है। इसमें प्रति 100 ग्राम में लगभग 16 ग्राम चीनी होती है, जो शरीर में तेजी से अवशोषित होकर ब्लड शुगर को ऊपर ले जा सकती है। अंजीर, लीची और केला भी गर्मियों के लोकप्रिय फल हैं, लेकिन डायबिटीज मरीजों को इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए। अंजीर में प्रति मध्यम फल लगभग 8 ग्राम शर्करा होती है जबकि लीची में 15 ग्राम तक। पके केले का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी अधिक होता है और एक मीडियम केले में 20-25 ग्राम कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है।

### अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, दंपत्ति की मौत

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले के ईसागढ़ रोड इमला गांव के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका 15 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बोलेरो दोनों को करीब 60 फीट तक घसीटती चली गई, जिससे हादसे की भयावहता और बढ़ गई।

### साक्षरता शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

**अशोकनगर, ईएमएस।** सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आदिवासी बस्ती, दलित बस्ती इंदिरा कॉलोनी कटरा मोहल्ला शाढ़ौरा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें न्यायाधीश मनीष अनुराग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अनुराणी द्वारा पीड़ित प्रतिकार योजना, जन-उपयोगी लोक अदालत, नेशनल लोक अदालत, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना के बारे में जानकारी दी गई।

## रेड क्रॉस सोसायटी ने निकाली जन जागरूकता रैली

**अशोकनगर, ईएमएस।** सेवा सप्ताह के अंतर्गत रेड क्रॉस सोसाइटी ने सोमवार को जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली संजय स्टेडियम से शुरू हुई, जो पुराना बस स्टैंड, तार बाले बालाजी मंदिर और मिलन तिराहा होते हुए गांधी पार्क पर समाप्त हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसमें विद्यार्थी, स्वयंसेवक और नागरिक शामिल हुए। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन दीपक मिश्रा ने कहा कि उनका संगठन मानवता को समर्पित है। यह मानवता के पक्ष में थीम पर काम करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, नशा मुक्त समाज और पर्यावरण रक्षा के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद मोहन दुबे ने किया। उन्होंने समाज के प्रति जागरूकता और सेवा के महत्व को रेखांकित किया। मिश्रा ने उपस्थित लोगों को मानवता, राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

## त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा पर निकली धम्म यात्रा हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर, ईएमएस।** त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सीहोर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 7 बजे धम्म यात्रा निकाली गई, जो बाबा साहेब अंबेडकर पार्क गंज सीहोर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर धर्मशाला में पहुंच कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें त्रिशरण पंचशील का पाठ कर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एस एल बौद्ध प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तथागत बुद्ध का जो मार्ग है, वह मानवता के लिए कल्याणकारी है। क्योंकि यहां वैज्ञानिक दृष्टिकोण को महत्व दिया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघप्रिय कमलेश बौद्ध द्वारा की गई एवं इस मौके पर बुद्ध रूप प्रतिमाओं कि साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने आकर्षक बुद्ध रुपों को सजाया जिसमें प्रथम स्थान यशिसिहं एवं द्वितीय स्थान संध्या प्रजापति और तृतीय स्थान यशिका मालवीय ने स्थान प्राप्त किये इसके पश्चात भोजन दान एवं खीर वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बहुजन उत्सव समिति के जिला अध्यक्ष धनराज सिंह थरेले सुरेश जांगड़े, नीरज जाटव, नवीन महोबिया, हरिओम बौद्ध,निर्मल कचनारिया, मिथुन जांगड़े , सरिता दोहरे, निर्मला, आरती जाटव, संध्या प्रजापति,महेश सूर्यवंशी, विक्की महोबिया, प्रकाश दोहरे, अभी सैकड़ो कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार बहुजन उत्सव समिति के अध्यक्ष धनराज सिंह थरेले द्वारा किया गया।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गुरुगोविंद सिंह वार्ड स्थित बौद्ध विहार में हुआ कार्यक्रम विधायक भी सम्मिलित हुए

**सागर, ईएमएस।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने गुरुगोविंद सिंह वार्ड स्थित बौद्ध विहार



धर्मशाला पहुंचकर भगवान बुद्ध जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया और उनके अनुयाइयों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं,इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष महापुरुषों का देश है जहां अनेकों महापुरुष हुए हैं जिन्होंने विश्वकल्याण के लिए कार्य किया उन्हीं में से महात्मा बुद्ध थे जिन्होंने विश्व शांति और मानवता के लिए कार्य किया आज पूरा विश्व उनका अनुयायि है, उनका जन्म लुंबिनी में हुआ और लगभग 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ कथा 29 वर्ष की आयु में उन्होंने घर त्याग कर सन्यास रूप धारण कर लिया वर्षों की कोर्ट कठोर साधना के पश्चात बोधगया बिहार में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह भगवान बुद्ध बन गए,इस अवसर पर सिद्धार्थ बौद्ध,सुनील गोस्वामि,रामू ठेकेदार,गरीबदास जाटव सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

▸ कांग्रेस के पूर्व विधायक की टिप्पणी से यादव समाज में फैला आक्रोश

# समाज के लोगों ने चन्देरी थाना पहुंचकर किया विरोध प्रर्दशन, एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले की चन्देरी विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह चौहान का यादव समाज के प्रति जातिसूचक टिप्पणियां करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में वह यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मेरी एक गोली से 6-6 यादव मरेंगे। मैं तो सिंधिया से भी नहीं डरा। वीडियो रविवार रात से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की इस टिप्पणी को लेकर यादव समाज में काफी आक्रोश है। सोमवार को यादव समाज के लोग चन्देरी थाना पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस पूर्व विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। साथ ही वीडियो की पेन ड्राइव भी पुलिस को सौंपी। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व विधायक का बयान यादव समाज के साथ-साथ लोधी और ठाकुर समाज के बीच भी तनाव पैदा कर सकता है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। इधर, विवाद बढ़ने के बाद कांग्रेस के पूर्व विधायक ने वीडियो जारी कर यादव समाज से हाथ जोड़कर माफी मांग ली। उन्होंने कहा कि ये शब्द मेरे नहीं थे। बातचीत के दौरान गलती से कह दिया।

**वीडियो में यह कहते आ रहे नजर कांग्रेस नेता :** कांग्रेस नेता गोपाल सिंह किसी कार्यक्रम में लोगों से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह कह रहे हैं कि जब यादव चढ़ रहे थे नडेरी में, मैंने का कई थी कि एक-एक गोली में छह-छह यादव मर जे है। का कई ती कि अगर बली सिंह में हाथ लगा दओ तो एक-एक गोली में छह-छह यादव मर जे है। यादव हो तो यादव सुन ले...। साथ ही कहा कि हम सिंधिया से नहीं डराने, बली सिंह हम कौन से डरा हैं। हम तो सुनो नेतागिरी से मूंढ़ से कफन बांधे। एक बात सुनो हिरावल, सकवारा और बडैरा आज तीन पंचायत बन गई। इमरत सिंह के माय 50 साल लौधी फार्म भरने नहीं जा पाओ।



### विवाद बढ़ा तो माफी मांगी

विवाद बढ़ा तो पूर्व कांग्रेस विधायक गोपाल चौहान ने यादव समाज से हाथ जोड़कर माफी मांग ली। उन्होंने वायरल वीडियो पर सफाई देते हुए कहा कि मैं चार बार जनपद अध्यक्ष और तीन बार विधायक रहा हूं। हमेशा मुझ पर यादव समाज का आशीर्वाद रहा है। मुझे वीडियो के माध्यम से बदनाम किया जा रहा है। दो दिन पूर्व बली सिंह सरपंच का तीन ट्रक गेहूं प्रशासन ने जब्त किया है। उसे ऐसा लगा कि यह मैंने जब्त कराया है। बली सिंह एक दिन कुंवरपुर में मिला और नॉर्मल बातचीत कर रहा था। मुझे नहीं पता था कि वह किस प्रकार की वीडियो बना रहा है। वहां पर मैंने कहा था देखो बली सिंह जी। मैंने आपकी हमेशा मदद की है। आपका नड़ेरी गांव में झगड़ा हुआ था। उस समय मैंने आपकी जान बचाई थी। जब आपने यह कहा था कि मैं गोली मार दूंगा, मेरी एक-एक गोली से 6-6 यादव मरेंगे। गलती से वो मेरे शब्द से निकल गया। उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं, लेकिन यह शब्द बली सिंह के थे। वहां अगर ये मेरे शब्द होते तो लोग मुझे पीटते।

## नव दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन, भंडारा आज

**मैहर, ईएमएस।**

मां शारदादेवी की कृपा से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी पंडित कामता प्रसाद मिश्र के निज निवास ग्राम पिपरा कला मैहर में आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री के मुखार बिन्द से भक्तजनों ने रसपान किया। कथा के अंतिम दिवस विभीषण शरणागृति, कथा विश्राम, हवन एवं श्रीराम राजा अभिषेक पर आचार्य कृष्ण शास्त्री ने कहा कि राम की कथा कान से सुनने का विषय नहीं ध्यान से सुनने का विषय है। जातिपात पूछे नहीं कोई, हरि का भजै हरि का होई। भगवान राम ने अपने जीवन में आदर्श मानव की कल्पना को साकार किया है। राम कथा मानव जीवन की आचार संहिता है। इस अवसर पर सौरभ सिंह, डॉ. केएल नामदेव, श्याम किशोर द्विवेदी, डॉ. मसूद अहमद, पीएल द्विवेदी, हेमंत अवधिया, अशोक चैबे, कुलदीप तिवारी, राजकुमार बुनकर, संतोष द्विवेदी, अनंत सोनकिया, सरमन अग्रवाल, शंखधर पयासी, मनोज शुक्ला एवं दीप्ति सिंह की उपस्थिति रही। आज 13 मई को दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तनय मिश्र ने सभी सम्माननीय जनो से भंडारा प्रसाद ग्रहण करने कि अपील की है।

## अवैध भण्डारण पर समिति प्रबंधक सहित 8 पर एफआईआर

**200 क्विंटल अवैध गेहूं और दो अन्नदूत वाहन जब्त**

**अशोकनगर, ईएमएस।** जिले कीचंदेरी तहसील के ग्राम बडेरा में शासकीय गेहूं के अवैध भण्डारण एवं परिवहन का मामला सामने आया है। जांच में 400 बोरे सरकारी गेहूं तीन मकानों से बरामद हुए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार 10 मई को ग्राम बडेरा तहसील चंदेरी में गेहूं के अवैध भंडारण एवं परिवहन की सूचना पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संजीत सिंह की अगुवाई में जांच की गई। जिसमें पाया कि ग्राम बडेरा में अरविन्द लोधी पुत्र श्रीलालसिंह लोधी के मकान पर गेंहू के 91 कट्टे, भगवानसिंह पुत्र भूपतसिंह के मकान पर गेंहू के 105 कट्टे एवं खुशीलाल पुत्र देशराज यादव के घर गेंहू के 204 कट्टे कुल 400 कट्टे (200 क्विंटल) पाये गये। उक्त गेंहू उपार्जन वर्ष 2025-26 के बारदानों में रखा पाया गया। मौके पर 2 अन्नदूत वाहन क्रमांक एमपी67 जेडबी8170 व वाहन क्रमांक एमपी67 जेडबी2818 इसके परिवहन के लिये उपयोग करते पाये गये। मौके पर उक्त 200 क्विंटल गेंहू और 2 अन्नदूत वाहन जप्त किये गये। जांच में पाया कि इस 200 क्विंटल गेंहू को सेवा सहकारी समिति डोंगर उपार्जन केन्द्र एमपी डब्लूएलसी 03 चंदेरी के समिति प्रबंधक द्वारा ओमकार लोधी पुत्र रामप्रसाद लोधी एवं अरविन्द लोधी पुत्र श्रीलाल लोधी को तुलाई उपरांत साफ-सुथरा कर वापिस लाने के लिये दिया गया था। खरीदी केन्द्र गोदाम के भौतिक सत्यापन में कुल 3277.32 क्विंटल गेंहू संधारित नहीं पाया गया। आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7, भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), धारा 336 (3) तथा धारा 338 के अंतर्गत प्रमोद कोली पुत्र चम्पालाल कोली निवासी चंदेरी समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति डोंगर, ओमकार लोधी पुत्र रामप्रसाद लोधी निवासी ग्राम बडेरा, अरविन्द लोधी पुत्र श्रीलालसिंह लोधी निवासी ग्राम बडेरा, चार्लीराजा यादव पुत्र भीमसिंह यादव निवासी ग्राम मीठाखेडा अन्नदूत वाहन चालक, हरिराम यादव पुत्र मेहताव यादव निवासी ग्राम मीठाखेडा अन्नदूत वाहन चालक, हामिद अली उर्फ सलमान पुत्र मोबारिक अली निवासी चंदेरी सिलाईकर्ता, पवन झा पुत्र रमेश झा निवासी ग्राम बडेरा, जयदेव कोली पुत्र चम्पालाल कोली निवासी चंदेरी कम्प्यूटर ऑपरेटर सेवा सहकारी समिति डोंगर द्वारा आपराधिक कृत्य करना पाये जाने पर एफआईआर दर्ज की गई।

## 108 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ की पूर्ण आहुति

**सिरोंज, ईएमएस।** श्री लव कुश कुटी आश्रम देवपुर धाम पर हो रहे श्री 108 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ की पूर्ण आहुति और विशाल भंडारा शुरू हुआ और रात भर चलेगा जिसमें हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे क्षेत्र के लाड़ले विधायक श्री उमाकांत शर्माजी शामिल हुए और कथा व्यास श्री हरिओम शास्त्री जी का भगवा साल श्रीफल से स्वागत किया और यज्ञ परि मा की और यज्ञ के लिए 31 हजार की राशि सप्रेम भेंट की ओर उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ को संबोधित किया । समाजसेवी रामबाबू कुशवाह ने बताया कि समस्त कुशवाह समाज के सहयोग से विशाल श्री 108 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ हुआ और महंत श्री राम दास महात्यागी जी के प्रयास से समाज में जागृति आई और उनके प्रयासों से सफल आयोजन हुआ

## पारिस्थितिकी तंत्र में शीघ्र सुधार की जरूरत

**उज्जैन (ईएमएस)।**



प्रो. डा.अर्पण भारद्वाज कुलगुरु विक्रम विवि उज्जैन ने खाद्य और कृषि संगठन संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी, जो दुनिया भर में भुखमरी को कम करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली एजेंसी द्वारा वार्षिक रूप से संयोजित अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस 2025 अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान कैंपस आउट रीच अनूठे सामुदायिक प्रसंग के लिए प्रो डा धर्मेंद्र मेहता को प्रेषित अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी का भी जीवन हैं और हम सभी उन पर आश्रित हैं।

हम पेड़-पौधों की वजह से ही सांस लेते हैं और भोजन कर पाते हैं। पौधे हमारे लिए 80 फीसदी तक भोजन और 98 फीसदी तक ऑक्सीजन पैदा करते हैं। लेकिन आज के दौर में इंसानी बस्तियों के अंधाधुंध विकास से पौधों के जीवन को ही नुकसान पहुंच रहा है। यह प्रसंग संदेश इसलिए भी सामयिक है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय पौध स्वास्थ्य दिवस घोषित किया है, ताकि वैश्विक क्षेत्रीय आंचलिक, स्थानीय स्तर पर भी जागरूकता बढ़ाई जा सके कि कैसे पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने से भुखमरी को समाप्त करने, गरीबी को कम करने, जैव विविधता और पर्यावरण की रक्षा करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय पौध स्वास्थ्य वर्ष 2020 की एक प्रमुख विरासत के रूप में भी जाना जाता है अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य प्रसंग पर प्रो.डा. धर्मेंद्र मेहता निदेशक पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि ने अपने विचार रखते हुए बताया कि पौधों के स्वास्थ्य, से सुरक्षित व्यापार, पौधों के स्वास्थ्य से डिजिटल प्रौद्योगिकी तक विभिन्न जुड़े हुए अवयव भी प्रभावित होते हैं डा मेहता ने कहा कि आज पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बदल रहा है, जिसके कारण से मनुष्य और वनस्पति तथा सभी जीवो पर खतरा बढ़ रहा है। वर्तमान जैव विविधता की चिंताएं खतरे की ओर संकेत कर रही है।उल्लेखनीय हैं कि संयुक्त राष्ट्र संपोषणीय विकास लक्ष्यों क्र.- 1, 2, 3,12, एवं विशेषकर 15 में भी अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य लक्ष्यों को संदर्भित किया गया है विक्रम विवि कार्य परिषद सदस्यगणों एफसीए प्रो. डा.दीपक गुप्ता, प्रो.डा कामरान सुल्तान, एवं प्रो.डा. डी.एम. कुमावत,अध्यक्ष वनस्पति एवं पर्यावरण प्रबंध अ.शा.ने सारगर्भित संदेशों में प्रो.डा.धर्मेंद्र मेहता को इस स्मरण प्रसंग को जीवंत बनाने की बधाई देते हुए बताया कि यह दिन पादप स्वास्थ्य पौधों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और बीमारियों, कीटों और अन्य खतरों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। इस अनूठे *पर्यावरणीय कैंपस आउट रीच प्रसंग* में मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल हरियाणा के आठवीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थी मास्टर विहान, सामुदायिक कार्यकर्ता श्री सोनू मिश्रा,भाई भीरपाल,भाई सतेंदर सिंह,नंदलाल भैया राधेश्याम जी, हरपाल जी एवं बहन अन्नूकुमारी ने संयुक्त रूप से इस सामुदायिक स्तरीय आयोजन में सक्रिय सहभागिता भी की ।

## सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों का नामांकन कर भर्ती करें : मुख्य सचिव अनुराग जैन

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** मध्यप्रदेश शासन मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में रविवार को सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक तथा जिला होमगार्ड कमांडेंट कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिविल डिफेंस अधिनियम-1968 एवं सिविल डिफेंस रेग्यूलेशन-1968 अंतर्गत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों का नामांकन,भर्ती के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई।

जिससे नागरिक सुरक्षा के आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के समय इनका उपयोग एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बताया कि वर्तमान आकस्मिक परिस्थितियों को देखते हुए गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वयंसेवकों के नामांकन के निर्देश दिये गए है। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि कम से कम प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो स्वयंसेवकों, प्रत्येक नगरीय निकाय के वार्डो से 2 से 5 स्वयंसेवकों की भर्ती सुनिश्चित करवाई जावे, जिससे जिलों के सभी क्षेत्रों में स्वयंसेवक उपलब्ध रह सकें।श्री जैन ने कहा कि स्वयंसेवकों की भर्ती के दौरान यह




सुनिश्चित किया जाए कि उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो। स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए प्रपत्र में जानकारी अद्यतन कर शान द्वारा निर्धारित किए गए पोर्टल पर अपलोड की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान समस्त जिलों के कलेक्टर्स को मुख्य सचिव श्री जैन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में चिन्हित पांच जिलों के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी मॉक ड्रिल करवाई जाना प्रस्तावित है। उन्होंने ड्रोन संचालन से संबंधित शासन की एडवाइजरी को भी जिला कलेक्टर्स अक्षरशः पालन करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के आधार पर रेड, येलो एवं ग्रीन भागो में जिले को विभक्त कर ड्रोन संचालन की समीक्षा की जाए। सभी जिले डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अभ्यास अप टू डेट रखें।

### लीनेस क्लब सर्वमंगला ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर मनाया मदर्स-डे

**अशोकनगर, ईएमएस।** लीनेस क्लब सर्वमंगला द्वारा रविवार शाम वृद्ध आश्रम अपना घर पहुंचकर मदर्स-डे मनाया गया। इस दौरान क्लब की सदस्याओं ने वृद्ध माताओं के बीच खूब खुशियां मनाईं उनके जीवन के खट्टे मीठे अनुभवों को सुना और आत्मसात किया। इस दौरान क्लब की सदस्याएं अपने साथ ले गईं केक को वृद्ध माताओं ने काटकर एक दूसरे को खिलाया और साथ में स्वल्पाहार किया। क्लब की अध्यक्ष लीनेस दिव्य प्रभा तायडे ने बताया कि माताओं से बात करते हुए हमने उनके जीवन के अमूल्य अनुभव ग्रहण किए, उनके साथ खट्टी मीठी यादों को ताज किया। जब हम उनके बीच पहुंचे तो उन्हें असीम खुशी का एहसास हुआ। उन्होंने बताया कि हम क्लब के माध्यम से कुछ अच्छा और नेक प्रयास कर रहे हैं।

## नगर पालिका में नेशनल लोक अदालत का आयोजन, नपाध्यक्ष ने नागरिकों से की चर्चा



**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** नगरपालिका परिषद में शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों ने अपने समस्त प्रकार के करों भुगतान किया है। एआरआई अकबर खान ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में करीब 11 लाख 70 हजार रुपए के करों की वसूली की गई है। नगरपालिका परिसर में लगी नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सभापति निर्मला हंस राय सहित पार्षदगण शामिल रहे। नपाध्यक्ष द्वारा नेशनल लोक अदालत में कर जमा करने आए नागरिकों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने और बैठने के लिए चेयर लगाने के निर्देश दिए। राजस्व शाखा ने हरिश गोस्वामी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में रवि सूर्यवंशी, विजय सारवान, बसंत रावत, दाताराम, शैलेंद्र सिंह साहू, राजकुमार, राजेश दीवान, योगेश पटेल, राजेश गौर, दुर्गेश सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## जल भराव से निपटने के लिए नालों का चैनिलाइजेशन

**बुरहानपुर, ईएमएस।** सीवरेज योजना के साथ शहर के बड़े नालों का चैनेलाइजेशन वर्षाकाल में शहर को जल भराव की स्थिति से निजात दिलाएगा इस के लिए आलमगंज इतवारा खैराती बाजार सिंधीपुरा शिकारपुरा क्षेत्र के नालों पर बड़े पाइप्स डालकर चैनेलाइजेशन करने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों सिंधीपुरा लोहार मंडी सहित अन्य क्षेत्रों को



जल भराव से निजात मिल सकेगी। इसके साथ ही ताप्ती नदी को दूषित जल से मुक्त रखा जाएगा। सीवरेज योजना के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फिल्टर प्लांट भी बनाए गए हैं जहां गंदा पानी फिल्टर होकर नदी में मिलेगा शहर के चार बड़े नालों का काम तेजी के साथ जारी है जिसे वर्षा से पहले पूरा करना है लेकिन जिस प्रकार से कार्य जारी है उस से नहीं लगता कि यह कार्य पूरा हो सके क्योंकि सिंधीपुरा नाले का चैनेलाइजेशन कार्य ढ़ोलीवाडा तक ही किया जा रहा है आगे अंडरग्राउंड नाले होने से अभी स्थिति साफ नहीं है ऐसे में सिंधीपुरा रोड पर जल भराव की स्थिति पुनः बनेगी जो परेशानी का कारण होगी। इसी प्रकार इतवारा आलमगंज क्षेत्र की भी है आगे काम की गति पर निर्भर है कि सीवरेज की यह योजना शहर के जल भराव में कितनी मददगार होगी सीवरेज योजना के तहत गली मोहल्लो में पाइपलाइन का कार्य तो किया गया लेकिन चैंबर गुणवत्ता विहीन होने से जल भराव की स्थिति बनने की उम्मीद की जा रही है मौसम विभाग के अनुसार मानसून समय पर आने तथा अच्छी वर्षा होने की उम्मीद की जा रही है इसके चलते निगम इस कार्य को किस प्रकार पूरा करने में सफल होता है।

▸ हितग्राहियों की 15 मई तक ई- केवायसी करना अनिवार्य

# जिले में अब तक 7 लाख से अधिक हितग्राहियों ने करवाया अपना ई- केवायसी

**ई- केवायसी पूर्ण कराने दल गठित**

**नरसिंहपुर (ईएमएस)।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित 543.31 लाख में से 445 लाख पात्र हितग्राहियों के ई- केवायसी का कार्य किया जा चुका है। जिले में कुल 8 लाख 20 हजार 10 हितग्राहियों में से 7 लाख 3 हजार 483 हितग्राहियों की ई- केवायसी की जा चुकी है, जिसमें एक लाख 3 हजार 825 हितग्राहियों की ई- केवायसी होना शेष है। पात्र हितग्राहियों की समय सीमा में ई- केवायसी नहीं होने पर ई- केवायसी से शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरण खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना संभावित है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर ने गठित दल, प्रतिदिन ई- केवायसी कर प्रतिदिन की प्रगति की जानकारी खाद्य कार्यालय को देने एवं समय सीमा में शतप्रतिशत ई- केवायसी करने के निर्देश दिये हैं। समिति/ समूह प्रबंधक प्रतिदिन अपनी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को खुलवायेंगे एवं समय सीमा में ई- केवायसी करने के लिए जवाबदेह होंगे। सभी संबंधित हल्का पटवारी व संबंधित प्रशासक अपने क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में प्रतिदिन की जाने वाली ई- केवायसी का पर्यवेक्षण करेंगे। संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के प्रशासक उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को उक्त अवधि में अन्य कार्य में संलग्न नहीं करेंगे। नोडल अधिकारी- सहकारिता निरीक्षक एवं विकासखंड प्रबंधक, एनआरएलएम प्रतिदिन की जाने वाली ई- केवायसी की जानकारी विक्रेता से लेंगे और विक्रेता को प्रदान की गई ई- केवायसी से शेष हितग्राहियों की सूची में शतप्रतिशत ई- केवायसी कराकर सूची को खाद्य कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

### मोती नगर पुलिस की बड़ी सफलता, बड़ी मात्रा में अवैध देशी शराब की खेप पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

**सागर, ईएमएस।** मोतीनगर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक बड़ी सफलता अर्जित करते हुए 340 पाव (61.2 लीटर) पावर देशी लाल मसाला शराब के साथ दो तस्करों को इलेक्ट्रिक स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 1,27,400 आँकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशानुसार, अवैध शराब, हथियारों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

## शांति धारा, विश्व शांति महायज्ञ एवं शांति विधान धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

**सीहोर, ईएमएस।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी मे



प्रातः श्री जी के अभिषेक शांति धारा शांति विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में स्तुति महिला मंडल ने श्रेष्ठ श्रावक राजकुमार जैन के निर्देशन में विश्व कों अहिंसा का संदेश देने वाले देश के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने कायरता पूर्वक 26 निर्दोश निहत्थे लोगों की गोली मारकर निर्ममता पूर्वक हत्या के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया 2 दिन के अंदर भारत ने भी एयर स्ट्राइक कर ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में रह रहे आतंकियों और उनके ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। देश की सेना की सफलता और बिना किसी क्षति के पाकिस्तान पर विजय की कामना के साथ श्रावक श्राविकाओ ने निर्मम जीव हत्या की शांति के लिए श्री जी का अभिषेक शांति धारा, शांति विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ संपन्न किया। राजकुमार जैन ने बताया कि हम अहिंसा के पुजारी हैं। लेकिन जब देश, धर्म, समाज , परिवार पर किसी भी प्रकार कि क्षति,नुक़सान , आ मण हो तो रक्षा के लिए शस्त्र उठा कर दोषियों को अंजाम देना हमारे गृहस्थ जीवन में इसके लिए पूर्ण स्वतंत्रा दी गई है।

### एल्युमीनियम की वायदा कीमतों में मामूली तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाजिर बाजार में मांग बढ़ने और सटोरियों के ताजा सौदे करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम की कीमत सोमवार को एक रुपये बढ़कर 235.40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जून में आपूर्ति वाले वाले एल्युमीनियम की कीमत एक रुपये बढ़कर 235.40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 697 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### यस बैंक के शेयर 5 फीसदी से ज्यादा उछले

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक के शेयर सोमवार को शुरूआती कारोबार में 5 फीसदी से ज्यादा उछलकर 20 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह तेजी जापान की एक फाइनेंशियल संस्था के बैंक में हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा के बाद आई है। यस बैंक के शेयर जोरदार उछाल के साथ बीएसई पर 21.56 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खुले। खुलते ही यह 5 फीसदी से ज्यादा की बढ़त लेकर 21.74 रुपये के हाई तक पहुंच गए थे।

## फटाफट खबरें

### भारत मालदीव को देगा 50 मिलियन डॉलर की सहायता

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत ने मालदीव को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर का ऐलान किया है। मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत सरकार और डॉ. एस जयशंकर को धन्यवाद दिया और इस साथ मित्रता को मजबूत करने का संकेत दिया। भारतीय उच्चायोग के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के अनुरोध पर 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी ट्रेजरी बिल को एक और वर्ष के लिए सब्स  इब किया है। मार्च 2019 से भारत सरकार एसबीआई ऐसे कई ट्रेजरी बिलों की सदस्यता की सुविधा प्रदान कर रही है और सालाना, ब्याज-मुक्त तरीके से मालदीव सरकार को रोलओवर कर रही है। यह सुविधा मालदीव को आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में एक अनूठी सरकार-से-सरकार व्यवस्था के तहत दी गई है।

### आईपीओ लाने पर कर सकते हैं विचार: जॉपर सीओओ

नई दिल्ली (ईएमएस)। बीमा प्रौद्योगिकी कंपनी जॉपर वर्तमान में अपने परिचालन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और अगले तीन से पांच वर्ष में सार्वजनिक होने पर विचार कर सकती है। इसके लिए वह निवेशकों से 2.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की विकास पूंजी जुटा रही है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य परिचालन अधिकारी ने कहा कि हमारा मुनाफा सकारात्मक है। हम वर्तमान में सार्वजनिक होने की योजना बना रहे हैं, लेकिन हमें लगेगा कि सही समय है और हम अपने निवेशकों को उच्च पूर्वानुमान की पेशकश कर सकते हैं। जॉपर वर्तमान में 1,200 शहरों में मौजूद है और 40 बीमा कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने विस्तार में तेजी लाने और नए युग की प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए नई पूंजी जुटाने की योजना बनाई है।

सेंसेक्स 2975 अंक, निफ्टी 916 अंक ऊपर आया

# संघर्ष के बाद उछला बाजार

**मुम्बई (ईएमएस)।**




भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदरी से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2975.90 अंक बढ़कर 82,429.90 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 916.70 अंकों की बढ़त के साथ ही 24,924.70 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप से लेकर मिड और स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों जमकर उछले। इस दौरान रिलायंस से लेकर लेकर एचडीएफसी बैंक तक के शेयरों में उछाल रहा।

आज जिन 10 शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही । उनमें लार्जकैप कंपनियों में इफोसिस शेयर (7.91फीसदी), एचसीएल टेक शेयर 6.35 फीसदी, टाटा स्टील शेयर (6.16 फीसदी), टीसीएस शेयर (5.17फीसदी), रिलायंस शेयर (4.27फीसदी) वहीं मिडकैप कंपनियों में शामिल रेलवे के शेयर आवीएनएल में 11.02 फीसदी की बढ़त रही। स्मॉलकैप शेयरों में बजाज इलेक्ट्रिक के शेयर में 14.92 फीसदी की बढ़त रही। बाजार में तेजी के 5 बड़े कारण

बाजार में तेज के पीछे भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम से तनाव कम होने की संभावन को बताया जा रहा है। वहीं दूसरा कारण अमेरिका और चीन के बीच कारोबार को लेकर करार होना है। वहीं कंपनियों के तिमाही परिणामों के सकारात्मक रहने से भी बाजार को को बल मिला। वहीं एक अन्य कारण 14,000 करोड़ रुपये के निवेश को माना गया है। वहीं गत सप्ताह बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी तेजी के साथ खुले। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में तेजी से भी बाजार को सपोर्ट मिला। सेंसेक्स सुबह 1000 से ज्यादा अंक उछलकर 80,803.80 पर खुला। सुबह की शुरुआत में यह 1845.75 अंक की तेजी के साथ 81,300.22 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर हरे निशान में थे। इसी तरह निफ्टी भी तेजी के साथ 24,420.10 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 574.65 अंक की जबरदस्त रैली के साथ 24,582.65 पर था।

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 49 पैसे की गिरावट के साथ ही 84.92 पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले शुक्रवार को रुपया 85.43 पर बंद हुआ था। रुपया पिछले कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालात के कारण निवेशक सतर्क हो गए हैं जिससे रुपये में कमजोरी आई। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआथा।**

### रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर इसी हफ्ते जारी करेगी चौथी तिमाही के नतीजे

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा करने की तारीख तय की है। कंपनी ने बताया कि 16 मई को कंपनी का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स मीटिंग करेगा और 31 मार्च को खत्म होने वाले वित्तीय साल के नतीजों को मंजूरी देगा। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर सड़कों, मेट्रो रेल और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम करती है। यह कंपनी बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में शामिल है और इसका मार्केट कैप 9,285.32 करोड़ रुपये है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने यह भी बताया कि इसके शेयरों में व्यापार (ट्रेडिंग) 1 अप्रैल 2025 से बंद है और यह तब तक बंद रहेगी जब तक बोर्ड की मीटिंग के नतीजे सार्वजनिक नहीं हो जाते। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का तीसरी तिमाही में घाटा बढ़कर 3,298.35 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल के मुकाबले ज्यादा था। इस दौरान कंपनी की कमाई 4,743 करोड़ रुपये रही।

## क्रेडिफिन लिमिटेड ने एक नए उत्पादः ईवी स्टार्टअप लोन की घोषणा की

**भोपाल (ईएमएस)।** भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध, एनबीएफसी, क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), जिसका मुख्यालय जालंधर और जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है, ने अपने नए उत्पाद÷ईवी स्टार्टअप लोन के लॉन्च की घोषणा की है। यह उत्पाद ईवी व्यवसाय और पूरे देश में सक्रिय वाहनों की तैनाती के जरिये उद्यमिता को बढ़ावा देगा। ईवी स्टार्टअप लोन किसी भी व्यक्ति या कंपनी को उपलब्ध होगा जो डीलरशिप या इलेक्ट्रिक वाहन से संबंधित व्यवसाय शुरू करना चाहता है।

ईवी स्टार्टअप लोन उत्पाद के तहत, क्रेडिफिन ईवी उद्यमी को शुरू में पचास लाख रुपये तक का लोन प्रदान करेगा। जरूरत और अलग मामलों के आधार पर आगे चलकर लोन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 13 राज्यों में 200 से अधिक स्थानों पर मौजूदगी और तेजी से विस्तार के साथ, क्रेडिफिन अगले 2-3 वर्षों में 1000 ईवी उद्यमियों को लक्ष्य कर रहा है।

इस समय, क्रेडिफिन के पास ई-रिक्शा, एल5 और ईवी 2 व्हीलर सेगमेंट में 100 से ज़्यादा मौजूदा ओईएम पार्टनरशिप हैं और यह उद्यमी ऋणदाता को न सिर्फ़ वित्तपोषण में मदद करेगा बल्कि नई डीलरशिप स्थापित करने के लिए प्रतिष्ठित निर्माताओं के साथ गठजोड़ की सुविधा भी देगा, वो भी बिना किसी लागत के। इसके अलावा, इस योजना के तहत, क्रेडिफिन डीलरशिप को उनके द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों को खरीदने के लिए ट्रेड एडवांस (व्यापार अग्रिम) भी प्रदान करेगा। क्रेडिफिन अंतिम ग्राहक को वाहनों का वित्तपोषण (फाइनेंस) भी प्रदान करेगा। क्रेडिफिन एक इकोसिस्टम बनाकर ईवी उद्यमियों को तैयार करने में मदद करेगा, जहां क्रेडिफिन की टीम उद्यमी को संपूर्ण समाधान प्रदान करेगी। चाहे वह व्यवसाय स्थापित करना हो, डीलरशिप, व्यावसायिक लीड प्राप्त करना, साझेदारी या वाहनों के पंजीकरण के लिए स्थानीय अधिकारियों की मदद लेना हो, क्रेडिफिन की टीम उद्यमियों की सहायता कर सकती है और उन्हें हर तरह से सहारा दे सकती है।

क्रेडिफिन के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा, ÷क्रेडिफिन में हम भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हमारे उद्यमियों के पास एक सक्षम बनाने वाला वातावरण हो। हमारा ईवी स्टार्टअप लोन एक ऐसा उत्पाद है जो यह सुनिश्चित करता है कि व्यवसाय स्थापित करना जितना संभव हो सके उतना आसान हो और हम हर समय उनके साथ हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे न केवल बनें रहें बल्कि आगे बढ़ें। आज हमारे पास सबसे बड़े ईवी नेटवर्क में से एक है और हमारा मानना है कि इस नेटवर्क का उपयोग करके व्यक्तियों को टिकाऊ तरीके से सफल व्यवसाय बनाने के उनके सपनों को साकार करने में मदद करने का समय आ गया है।÷

इसके अलावा, चूंकि क्रेडिफिन स्वयं भी लीड उत्पन्न करता है, इसलिए डीलरशिप न केवल अपने प्रयासों से, बल्कि क्रेडिफिन के नेटवर्क और विपणन प्रयासों का लाभ उठाकर भी अधिक वाहन बेचने में सक्षम होंगे

**क्रेडिफिन लिमिटेड (पूर्व में पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड) के बारे में:** क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड) 1992 में निगमित, भारत के मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध, एनबीएफसी है। इसका मुख्यालय जालंधर में और कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है।

## जिनेवा में अमेरिका-चीन के बीच बड़ा व्यापारिक सौदा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।**

दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन ने आपसी व्यापार विवाद को कम करने अगले 90 दिनों के लिए अधिकतर टैरिफ (आयात शुल्क) घटाने पर सहमति जताई है। अब तक दोनों देशों के बीच 125 फीसदी तक के टैरिफ लगाए जा रहे थे, जिन्हें घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है यानि टैरिफ में सीधे 115 फीसदी की कटौती की गई है। हालांकि फेंटानिल से जुड़ी चीनी वस्तुओं पर अमेरिका की 20 फीसदी की ड्यूटी पहले की तरह बनी रहेगी, जिससे चीन पर कुल टैरिफ 30 फीसदी रहेंगे। यह समझौता स्विट्जरलैंड के जिनेवा में एक सप्ताहांत की बैठक के दौरान हुआ, जिसमें अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेन्ट और व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रेयर ने भाग लिया। स्कॉट बेसेन्ट ने कहा ?कि हमारी बातचीत बहुत सफल रही। यहां जिनेवा की शांत और संतुलित जगह ने बातचीत को सकारात्मक दिशा दी। उन्होंने बताया कि 90 दिनों तक दोनों पक्ष टैरिफ में भारी कटौती करेंगे और इस दौरान आर्थिक और व्यापारिक नीतियों पर बातचीत जारी रखी जाएगी।

## भारतीय सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोने का भाव 2,500 तक गिरा और चांदी 97,000 प्रति किलोग्राम

**नई दिल्ली (ईएमएस)।**




भारतीय सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक बाजार में मंदी, डॉलर की मजबूती और निवेशकों की कम मांग के कारण सोना और चांदी की कीमतें नीचे आ गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 2,500 तक गिरकर लगभग 93,100 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 85,300 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। चांदी की कीमत भी ?गिरकर 97,000 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इस गिरावट के माध्यम से खरीदारों के लिए सोना और चांदी खरीदने का सुनहरा अवसर हो सकता है, खासकर उनके लिए जो शादी-विवाह या निवेश के लिए इन धातुओं की खरीद कर रहे हैं। अनुमान है कि यह गिरावट भविष्य में अच्छे निवेश के अपेक्षाकृत असर डाल सकती है। विभिन्न प्रमुख शहरों में सोना और चांदी की कीमतें इस प्रकार हैं÷ दिल्ली 24 कैरेट सोना 93,200/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,400/10 ग्राम, मुंबई 24 कैरेट सोना 93,050/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,250/10 ग्राम, जयपुर 24 कैरेट सोना 93,300/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,500/10 ग्राम, चेन्नई 24 कैरेट सोना 93,400/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 5,600/10 ग्राम और लखनऊ 24 कैरेट सोना 93,250/10 ग्राम, 22 कैरेट सोना 85,450/10 ग्राम। इसी तरह, चांदी की कीमतें भी देखी गई हैं जो 95,000 प्रति किलोग्राम तक पहुंची।

## इंदौर बाजार भाव

**इन्दौर (ईएमएस)। ऊपरी स्तरों पर मुनाफा वसूली से सोमवार को अनाज मंडी में चने व मसूर में बाजार घटाकर बोले गये। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में व्यापार सामान्य रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार सोमवार को अनाज मंडी में व्यापार कमजोर ही रहा। चने व मसूर में लेवाली दबी-दबी रहने से बाजार मंदी पर रहे। चना कांटेवाला घटकर 6050-6100 रू. प्रति[ ?िंटल पर आ गया। मसूर में घटत रही। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। सोया व कपास्या तेलों में बाजार घटत पर रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। उधर, किराना जिंसों में खसखस में सुस्ती रही।**

### किराना

शक्कर 4125-4200, खोपरा गोला 210-245, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारि?क 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1050-1200, क्लीन 1220-1330, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 820-835, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2850-2900, (200) 3250-3300, (250) 3250-3300

### खली

रात की धारणाः गुजरात लुज 1325, मुम्बई पाम 1220, मुम्बई सोया 1280, खलीः कपास्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

### तेल

सींगदाना 1340-1360, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2140, सोया साल्वेंट 1185-1190, सोया रिफाइंड 1250-1260, कपास्या 1220-1225, धूलिया 1225, कड़ी 1225,

**दलहन** चना कांटेवाला बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5200-5300, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6400-6450, मूंग देशी 7800-7900, पाला 8000-8100, चमकी 8100-8200, नायलोन 8200-8300, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**अनाज** गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

## राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि प्रतिपदा, मंगलवासरे, विशाखा नक्षत्रे, वल योग, वालव करणे, वृश्चिक की चंद्रमा, उपकर्म, सूती स्नान, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।**

**मेष** भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य योजना अवश्य बनेगी।

**तुला** कार्य व्यवसाय में बाधा तथा तनाव-क्लेश से आप बचने का प्रयास करें।

**वृष** नवीन कार्य योजना सफल हो, संवेदनशील होने से बचिये, समय पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** चिन्ता बनी ही रहेगी, कुटुम्ब की समस्याओं को समझदारी से सुलझाएं।

**मिथुन** स्त्री वर्ग से हर्ष, कुछ चिन्ता, व्यवसायिक अवरोध, कष्ट अवश्य होगा।

**धनु** बिगड़े हुए कार्य बनेंगे, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, सहयोग मिलेगा।

**कर्क** व्यग्रता, मन में उद्विग्नता एवं कार्यगति अनुकूल बनी ही रहेगी।

**मकर** परिश्रम विफल हो, चिन्ता व यात्रा, व्यग्रता तथा स्वास्थ्य नरम होगा।

**सिंह** साधन सम्पन्नता के योग बनेंगे, दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल बनी ही रहेगी।


**कुंभ** स्वास्थ्य नरम रहेगा एवं कहीं तनावपूर्ण स्थिति कष्टप्रद होगी। ध्यान दें।

**कन्या** विरोधी परेशान करें, व्यर्थ धन का व्यय, असमंजस व अस्थिति बनी ही रहेगी।

**मीन** दूसरों के कार्यों में समय तथा धन नष्ट न करें, समय स्थिति का ध्यान रखें।

## दैनिक पंचांग

**13 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | वृश्चिक में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | मेष में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 05.30 बजे से |
| मिथुन | 07.28 बजे से |
| कर्क | 09.41 बजे से |
| सिंह | 11.57 बजे से |
| कन्या | 14.09 बजे से |
| तुला | 16.20 बजे से |
| वृश्चिक | 18.35 ब.से |
| धनु | 20.51 बजे से |
| मकर | 22.56 बजे से |
| कुंभ | 00.42 बजे से |
| मीन | 02.15 बजे से |
| मेष | 03.46 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 133 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 09.09 बजे को समाप्त। **योग** वरीयान 05.53 बजे को समाप्त। **करण** बालव 11.33 बजे तदनन्तर कौलव 00.36 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 24' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872343 **जूलियन दिन** 2460808.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 14 **विशेष** नारद जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7150

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7149 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 8365

**बाएँ से दाएँ**
1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**
1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

**शब्द पहेली -8364 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा : विराट**

मुम्बई (ईएमएस)। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 36 साल के विराट ने इसके बाद कहा कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को दिया है और मैं खुशी से अपने टेस्ट करियर को याद करूंगा। कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे।



**डायमंड लीग में भाग लेंगे नीरज और जेना**

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना 16 मई से शुरु होने वाली डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में उतरेंगे। नीरज पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ भाग लेंगे। जेना ने 2024 में भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ वह नौवें स्थान पर रहे थे।



# आईपीएल के 16 या 17 मई से फिर शुरु होने की संभावना

## कोलकाता की जगह अहमदाबाद में हो सकता है फाइनल



मुम्बई (ईएमएस)।

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के कारण अब आईपीएल 2025 सत्र के बचे हुए मैच 16 या 17 मई से फिर शुरु होंगे। वहीं फाइनल का आयोजन स्थल कोलकाता से बदलकर अहमदाबाद किये जाने की संभावना है। आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गत दिवस लीग को फिर से शुरू करने की योजना पर बात की थी।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड अभी कार्यक्रम बनाने पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, 'अभी तक आईपीएल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। इसमें बीसीसीआई सचिव, आईपीएल अध्यक्ष फ्रेंचाइजी और सभी के साथ बातचीत हो रही है। इसलिए बहुत जल्द हमें फैसले के बारे में पता चल जाएगा। टूर्नामेंट को शीघ्र शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये भी अटकलें हैं कि लीग लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच 9 मई को रद्द हुए मैच के साथ ही फिर से शुरु होगी।

इसी कारण सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। टूर्नामेंट 16 या 17 मई को लखनऊ में फिर से शुरू होगा। सबसे अधिक संभावना है कि मैच चार स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और दिल्ली तथा धर्मशाला को और मैचों की मेजबानी नहीं मिलेगी। क्वालीफायर एक और एलिमिनेटर के लिए स्थल में कोई बदलाव नहीं होगा जिसकी मेजबानी हैदराबाद को करनी थी पर कोलकाता को एक जून को होने वाले फाइनल की मेजबानी नहीं मिलेगी क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार उस दिन बारिश की संभावना है हालांकि अभी तक प्लेऑफ चरण के लिए स्थलों में कोई बदलाव नहीं किया गया है पर ऐसा लगता है कि बारिश कोलकाता की संभावना को देखते हुए फाइनल अहमदाबाद में खेला जा सकता है। वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'अगले कुछ दिनों में हम लीग के शेष मैचों की मेजबानी करने वाली फ्रेंचाइजी, प्रसारकों, प्रायोजकों और राज्य संघों के साथ परामर्श शुरू करेंगे। इस समय आईपीएल के महत्व को देखते हुए इसे फिर से शुरू करने के समय को अंतिम रूप देने से पहले भारत सरकार की मंजूरी लेना भी जरुरी होगा। यह संभव है कि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को गुरुवार को रद्द हुए मैच के लिए एक-एक अंक दिया जाए।

## गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के लिए अभ्यास शुरु किया

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम शुरु होते ही आईपीएल के भी शुरु होने की संभावनाएं हैं। ऐसे में अब टीमों ने भी अपनी रणनीति बनानी शुरु कर दी है। वहीं गुजरात टाइटंस ने तो अभ्यास भी शुरु कर दिया है। सीज फायर के बाद टाइटंस अभ्यास शुरू करने वाली पहली टीम बन गई है। रविवार शाम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम ने ये अभ्यास किया। टाइटंस का इस सत्र में शानदार प्रदर्शन रहा है और उसने 16 अंकों और 0.793 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया है। टीम के एक अधिकारी ने कहा, 'हां, हमने ट्रेनिंग शुरू कर दी है।' सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने फ्रैंचाइजियों से इस सीजन में बचे 16 मैच के लिए अपनी टीम तैयार रखने को कहा है। टूर्नामेंट 16 या 17 मई से शुरू हो सकता है। वहीं आधिकारिक घोषणा के साथ नया शेड्यूल 12 मई को सामने आयेगा। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी के अलावा सभी विदेशी खिलाड़ी गुजरात टाइटंस के अभ्यास सत्र में मौजूद थे। एके अधिकारी ने कहा, 'हमारी पूरी टीम यहीं है। जोस और गेराल्ड ही शेष हैं, वे जरूरत पड़ने पर वापस आ जाएंगे।'

# टेस्ट में विराट की शानदार पारियां



मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। विराट के संन्यास के साथ ही उनकी 14 साल के टेस्ट करियर का समापन हो गया। रन मशीन के नाम से लोकप्रिय विराट ने अपने शानदार खेल से प्रशंसकों का बेशुमार प्यार हासिल किया है। वह अपने एक से बढ़कर एक परियों के कारण याद रखे जाएंगे।

### पुणे में बनाया सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 254 रन

विराट कोहली का करियर का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 254 रन रहा है जो उन्होंने पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2019 सीरीज के दूसरे टेस्ट में बनाया था। कोहली ने करीब आठ घंटे तक बल्लेबाजी की और 33 चौकों और 2 छक्के लगाये। उन्होंने वर्नोन फिलेंडर और डेब्यू करने वाले एनरिक नॉर्टजे जैसे बेहतरीन दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण को प्रभावहीन बना दिया था। कोहली के नाबाद दोहरे शतक से तब भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 601 रन बनाये और अंत में एक पारी और 137 रनों की मैच जीता

### वहीं सेंचुरियन में 153 रन

2018 में सेंचुरियन में विराट ने विदेशी हालातों में अपनी सबसे अच्छी पारी खेली। मोर्ने मोर्कल, कैगिसो रबाडा और वर्नोन फिलेंडर जैसे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कोहली ने 153 रन बनाए।कोहली दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद जमे रहे। उनकी पारी में 15 चौके शामिल थे।

### 2018 में एजबेस्टन में 149 रन

विराट कोहली ने 149 रन की शानदार पारी खेलकर आलोचकों को करारा जवाब दिया। यह इंग्लैंड में उनका पहला शतक भी था। 2014 में इंग्लैंड में अपने खराब प्रदर्शन के बाद भारी दबाव में श्रृंखला में शामिल होने के बाद कोहली ने जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड जैसे मजबूत आक्रमण का सामना किया, जो एक बार फिर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में था।

### 2016 में मुंबई में 235 रन

**इंग्लैंड के भारत दौरे के चौथे टेस्ट में कोहली ने 235 रनों की शानदार पारी खेली जो उस समय टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर था। स्पिन के लिए मददगार साबित हो रही पिच पर इंग्लैंड के स्पिनरों और तेज गेंदबाजों का बखूबी सामना करते हुए उन्होंने ये पारी खेली**

### 2014 में एडिलेड में 115 और 141 रन

**एमएस धोनी की चोटिल होने के बाद पहली बार भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में कार्यभार संभालते हुए कोहली ने दो शतकों के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 115 और दूसरी में 141 रन बनाए।**

# फ्रेंच ओपन के लिए फार्म हासिल करना चाहते हैं जोकोविच

लंदन (ईएमएस)।



सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का लक्ष्य 25 मई से शुरु होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले अपना फार्म हासिल करना है। इसी कारण 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने जिनेवा ओपन में वाइल्डकार्ड वे प्रवेश लिया है। जिससे वह अपना फॉर्म और फिटनेस हासिल कर सकें। जोकोविच का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए थे, और अपने पिछले तीन मैच लगातार हार चुके हैं। वहीं उन्होंने इस बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट रोम ओपन से नाम वापस ले लिया था हालांकि उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है पर कहा जा रहा है कि वह फ्रेंच ओपन की तैयारियों पर ही ध्यान देना चाहते हैं। जोकोविच का यह सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे पर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ चोटिल होन के कारण बीच में ही उन्हें हटना पड़ा था। इसके बाद मियामी ओपन में वापसी से पहले उन्हें लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

# पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया

नई दिल्ली (ईएमएस)।



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। पिछले सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद ही विराट ने भी संन्यास की इच्छा जतायी थी। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें टीम में बने रहने के लिए मना रहा था पर विराट ने उसके अनुरोध को नहीं माना और सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी।

विराट ने रोहित के साथ ही टी20 विश्व कप के बाद टी20 प्रारुप को भी अलविदा कह दिया था। ऐसे में अब वह भी रोहित की तरह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलेंगे। विराट ने सोशल मीडिया में लिखा है 269 साइनिंग ऑफ। 269 उनका टेस्ट कैप का नंबर है। इसी के साथ ही उनके इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाने की पुष्टि हो गयी है।

अपने संन्यास की घोषणा करते हुए विराट ने सोशल मीडिया में लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहने हुए 14 साल हो चुके हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए, जिन्हें मैं जीवन भर साथ रखूंगा। सफेद कपड़ों में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है। शांत परिश्रम, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल, जिन्हें कोई नहीं देखता, लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। विराट ने साथ ही लिखा, मैं इस फॉर्मेट से दूर हो रहा हूं पर यह आसान नहीं है। हालांकि, यह सही लगता है। मैंने इसमें अपना सबकुछ दिया है, और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज़्यादा मुझे दिया है। मैं दिल से आभार के साथ जा रहा हूं। खेल के लिए, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया और हर एक व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस दौरान देखा। मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा। 269, साइनिंग ऑफ।

गौरतब है कि इससे पहले बीसीसीआई ने विराट को इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तान बने रहने को कहा था। इसके अलाव अंबाति रायुडू सहित कई क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने भी उनसे संन्यास न लेने का अनुरोध किया था।

# इंग्लैंड दौरे में सुदर्शन को मिल सकती है जगह



मुम्बई (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में गुजरात टाइटंस के युवा सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है और वह ऑरेंज कैप के भी शीर्ष दावेदारों में शामिल हैं। सुदर्शन ने इससे पहले घरेलू क्रिकेट में भी काफी रन बनाये थे। ऐसे में ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे में उन्हें जगह मिल सकती है। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद चयनसमित को टीम के एक अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है जिसमें सुदर्शन खरे उतरते हैं। सुदर्शन ने दिखाया है कि वह विपरीत हालातों के बीच ही दबाव के बीच भी रन बनाते हैं। सुदर्शन ने से कहा, 'वह पिछले चार साल से आईपीएल खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। इसके कारण ही मुझे कठिन हालातों में खेलने का अवसर मिला है क्योंकि गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए मुझे नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का अवसर भी मिलता है। सुदर्शन ने कहा, 'इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है।

# सुपर जायंट्स और आरसीबी मैच से फिर शुरु होगा आईपीएल

मुम्बई (ईएमएस)।



भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को देखते हुए अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले फिर शुरु होने की संभावना है। माना जा रहा है कि 16 या 17 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच लखनऊ में मैच के साथ ही फिर से आईपीएल की शुरूआत होगी। इसी कारण बीसीसीआई ने सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। वहीं अब एक बदलाव के तहत चार स्थानों पर ही बचे हुए सभी मैच खेले जाएंगे। वहीं दिल्ली और धर्मशाला में अब कोई मैच नहीं होगा। इससे पहले 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को सुरक्षा कारणों से रोक दिया गया था। अब से मैचा फिर से नहीं खेला जाएगा क्योंकि दोनो ही टीमों को पहले ही अंक दे दिया गया था। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स समेत कुल 7 टीमें अभी प्लेऑफ की दावेदार हैं। गुजरात और आरसीबी अपने बचे तीन लीग मैचों में से एक जीतने पर आगे बढ़ेंगे जबकि पंजाब भी अपने बाकी बचे लीग मैचों में से एक जीतने पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है। जहां तक मुम्बई और कैपिटल्स का सवाल है वे अपने बाकी बचे लीग मैच जीतने पर सीधे क्वालीफाई कर लेंगे। वहीं केकेआर और सुपर जायंट्स का प्रवेश अन्य टीमों पर आधारित होगा।



(फोटो-ईएमएस) चीन में विश्व एथलेटिक रिले में भाग लेती हुई महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम।

# इंग्लैंड दौरे में विराट को बनायें कप्तान : वॉन

लंदन (ईएमएस)।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद अब विराट कोहली को भारतीय टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। जहां कहा जा रहा है कि शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे के लिए नया कप्तान बनाया जा सकता है। वहीं वॉन का मानना है कि अगर वो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) में होते तो विराट को ही इंग्लैंड दौरे पर कप्तान बनाकर भेजते। वॉन ने कहा कि इस दौरे में शुभमन को उप कप्तान बनाया जाना चाहिये। वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, 'अगर मैं भारत होता तो इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के लिए विराट को कप्तान बनाता। वहीं शुभमन इस दौरे के लिए उनके उप कप्तान हो सकते हैं।' वॉन के अनुसार विराट अनुभवी होने के कारण हमारे यहां के हालातों को बेहतर तरीके से जानते हैं। बीसीसीई भी विराट को कप्तानी देना चाहता जिससे शुभमन को भी उनकी कप्तानी में सीखने का अवसर मिले पर विराट कप्तान बनने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वह भी टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेना चाहते हैं। विराट साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार टेस्ट टीम के कप्तान बनाए गए थे क्योंकि तब महेन्द्र सिंह धोनी ने बीच सीरीज में ही टेस्ट से संन्यास ले लिया था। विराट ने साल 2022 तक 68 टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी की है जिसमें भारतीय टीम ने 40 मुकाबले जीते जबकि 11 टेस्ट मैचों का परिणान नहीं निकला।

# रोहित एकदिवसीय में सर्वश्रेष्ट पर टेस्ट में नहीं : आर्थटन

लंदन (ईएमएस)।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल आर्थटन ने कहा है रोहित शर्मा एकदिवसीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी हैं पर टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आर्थटन के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में उनके आंकड़ों को देखकर ये कहा जा सकता है कि वह सफल हैं पर सर्वश्रेष्ठ नहीं हैं। आर्थटन के अनुसार उनका टेस्ट करियर दो हिस्सों में रहा है। उन्हें टेस्ट में देर से अवसर मिला। ऐसे में उन्होंने 40 से कुछ ऊपर की औसत और 12 शतक लगाये है जिसे अच्छा तो कहा जा सकता है पर ये बेहतरीन रिकार्ड नहीं माना जा कसता है। रोहित ने एक दशक पहले नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करते हुए 67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था। उनका टेस्ट करियर 2013 में कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की पारी के साथ शुरू हुआ। शुरुआत में को टेस्ट प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में परेशानी आई। साल 2013-18 तक, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक थे।

# बांगर ने बताया ऋषभ के असफल होने का कारण



नई दिल्ली (ईएमएस)।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान और आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह रन बनाने में असफल रहे हैं। इसी को लेकर अब बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने ऋषभ की गलती बतायी है। कोच ने कहा है कि शॉट चयन में बदलाव के कारण ही वह रन नहीं बना पा रहे हैं। बांगर ने कहा कि वह गेंद को सीधे खेलने की बजाय विकेट के पीछे और कई प्रकार के असामान्य शॉट्स खेलने के प्रयास में विकेट गंवाते रहे हैं। इसी का परिणाम है कि उन्होंने 11 मैचों में केवल 128 रन बनाए हैं। है। इससे उनकी टीम को भी नुकसान उठाना पड़ा है।

बांगर ने कहा कि उन्होंने लगता है अभी तक 50 ओवरों के व्हाइट-बॉल क्रिकेट और टी20 को पूरी तरह से समझा नहीं है। वे टेस्ट में शानदार बल्लेबाज हैं, इसमें कोई शक नहीं पर इस सत्र में मैंने देखा कि वे कई बार विकेट के पीछे शॉट्स खेलने की कोशिश में आउट हुए। बांगर ने कहा कि इस क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ पारियों को देखें तो वह कवर ड्राइव, पिच पर आगे बढ़कर साइटस्क्रीन की ओर शॉट या मिडविकेट के ऊपर अधिक रन बनाते आये हैं पर इस बार आईपीएल में उन्होंने रिवर्स स्वीप या बहुत फाइन शॉट्स खेलने के प्रयास किय हैं। एक बल्लेबाज के रूप में, मुझे लगता है कि वे भूल गए कि उनका सर्वश्रेष्ठ खेल तब है जब वे सीधा खेलकर स्कोर करने का प्रयास करते हैं।

बांगर ने कहा कि अगर आप सीधा स्कोर करने की कोशिश करते हैं, तो बाकी क्षेत्र खुल जाते हैं पर अगर आप केवल पीछे की ओर स्कोर करने की सोचते हैं, तो सामने की गेंदों पर आप देर से पहुंचते हैं और मुश्किल में पड़ जाते हैं। वहीं इससे पहले, पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने भी कहा था कि उन्हें अपनी शॉट चयन को ठीक करते हुए अपने बेसिक्स पर वापस जाना चाहिए। साथ ही कहा था कि आप हर बार आक्रामक शॉट्स से मुश्किल से बाहर नहीं निकल सकते।

# पाक दौरे पर शायद ही जाये बांग्लादेश टीम

**लाहौर (ईएमएस)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वह भारत ओर पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए सुरक्षा हालातों की समीक्षा बाद ही अपनी टीम को पाक दौरे पर भेजेगा। टीम को पांच टी-20 खेलने के लिए पाकिस्तान जाना था पर वहां के कमजोर सुरक्षा हालातों को देखते हुए बांग्लादेश टीम शायद ही वहां का दौरा करे। बीसीबी ने कहा है कि खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि पाक में हालात को देखने के बाद ही इस बारे में कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले बीसीबी ने यूएई के दौरे पर दो टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी। इससे पहले अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की थी कि बांग्लादेश की टीम मई में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में यूएई की टीम से दो टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### सीएम डॉ.यादव ने पत्रकार डॉ. विक्रम राव के निधन पर दुःख जताया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार संगठन के पदाधिकारी डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजन के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से डॉ. राव की आत्मा की शांति और उनके शोकाकुल परिजन को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### राज्यमंत्री गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की कॉलोनियों का किया भ्रमण

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि गोविंदपुरा क्षेत्र में 20 करोड़ रुपए की लागत से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पास स्वीमिंग पूल और ऑडिटोरियम बनेगा। उन्होंने यह बात सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर निरंतर क्षेत्र का दौरा कर जनता से सीधे संवाद कर रही हैं। इससे मौके पर ही समस्याओं का निराकरण हो रहा है।

## फटाफट खबरें

### डीजीपी की मंजूरी के बाद एसपी को मिलेगी छुट्टी

**भोपाल,ईएमएस।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर लगातार तनावपूर्ण हालात के बीच देश के सभी राज्यों को सतर्क किया गया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में पुलिस मुख्यालय ने एक गोपनीय आदेश जारी किया है। इसके तहत मप्र पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। पीएचक्यू ने रविवार को इस संबंध में गोपनीय आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार, डीएसपी और एएसपी को अवकाश के लिए संबंधित एडीजी या आईजी से, जबकि एसपी, कमांडेंट, एआईजी व उच्च अधिकारियों को डीजीपी से अनुमोदन लेना होगा। यह आदेश सभी प्रकार के अवकाशों पर लागू होगा। इससे पहले सामान्य प्रशासन ने 13 विभागों के अवकाश पर रोक लगाई थी।

### बोर्ड परीक्षा में असफल छात्रों को फिर से मिलेगा मौका

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा में असफल हुए छात्रों के लिए राहत भरी घोषणा की है। जो छात्र इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में फेल हो गए या किसी कारणवश परीक्षा में अनुपस्थित रहे। बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली द्वितीय (पूरक) परीक्षा का आयोजन जून-जुलाई 2025 में किया जाएगा जिसमें लाखों छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। बोर्ड के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं के 3,44,498 छात्र प्रथम प्रयास में असफल या अनुपस्थित रहे हैं। इन छात्रों के लिए दूसरी परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक होगी। इसके लिये फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 21 मई 2025 है। परीक्षा शुल्क ?500 प्रति विषय है। 12वीं बोर्ड पूरक परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक होगी। अन्य जानकारी एवं विषयवार टाइम टेबल जल्द जारी किया जाएगा।

### मप्र के 5 लाख 46 हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्जा

**भोपाल,ईएमएस।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में पेश की गई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मध्यप्रदेश के जंगलों पर सबसे ज्यादा कब्जे हुए है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश की 5 लाख 46 हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्जा है। मध्य प्रदेश की कुल वन भूमि का 7.17त्न कब्जा है। प्रदेश के 55 जिलों में से छिंदवाड़ा जिले में सर्वाधिक जंगलों पर कब्जा है। वहीं शाजापुर ऐसा इकलौता जिला जहां वन भूमि पर कोई कब्जा नहीं है। राजधानी भोपाल में भी 5229.15 हेक्टेयर वन भूमि पर कब्जा है। मध्य प्रदेश के बाद असम दूसरा राज्य जहां 3.32 लाख हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण है। उसके बाद देश के कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश शामिल है। धारा 66-ए के तहत, अर्थात: सरकारी वन भूमि से अतिक्रमण की बेदखली। (1) सरकारी वन भूमि पर अतिक्रमण संज्ञेय और अजमानतीय अपराध माना जाता है। जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 441 और 447 लागू होती हैं। धारा 441 अतिक्रमण से जुड़े मामलों पर लागू होती है, जबकि धारा 447 अवैध कब्जा करने पर जुर्माना और सजा का प्रावधान करती है।

### परियोजना के लिए 100 गांवों की जमीन का होगा अधिग्रहण

# तीन राज्यों को जोड़ेगा एक्सप्रेस-वे

**भोपाल, ईएमएस।** म्यूजिक सिटी ग्वालियर से ताज नगरी आगरा जाने वालों का सफर जल्द ही आसान होगा। यह होगा ग्वालियर-आगरा सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनने से। इसके लिए तैयारी आरंभ हो गई है। इसके बनने से सड़क मार्ग से ग्वालियर से आगरा 90 मिनट में पहुंच सकेंगे, जबकि अभी तीन घंटे का समय लगता है। इससे डेढ़ घंटे का समय बचेगा। यह एक्सप्रेस-वे उत्तरप्रदेश, राजस्थान और मप्र के चार जिलों से होकर गुजरेगा। इसमें 100 गांव की भूमि आ रही है। इस एक्सप्रेस-वे पर एकसाथ 31435 वाहन गुजर सकेंगे। एनएचएआई द्वारा 88.400 किलोमीटर में बनाए जा रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में 4612.65 करोड़ रुपए लागत आएगी। इसके लिए उदयपुर की जीआर इंफ्रा कंपनी को कार्य दिया गया है। कंपनी अक्टूबर- 2025 में इसका निर्माण आरंभ करेगी और उसे 30 महीने में इसे पूरा करना होगा। 2028 में यह बनकर तैयार हो जाएगा।

आगरा से ग्वालियर एक्सप्रेस बनने से यूपी, राजस्थान और मप्र के बीच संपर्क बढ़ने से आगरा, धौलपुर, मुरैना और ग्वालियर में आईटी इंडस्ट्री, लॉजिस्टिक हब, ई-कॉमर्स, रियल एस्टेट और टूरिज्म जैसे सेक्टर को लाभ मिलेगा। चारों जिलों के बीच बस यातायात भी सुगम होगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को भी रियल एस्टेट का लाभ मिलेगा। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा सरकारी एजेंसियों से सभी अनुमतियां प्राप्त कर ली गई हैं। रेलवे, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, वन विभाग और तीनों राज्यों के राजस्व विभाग से अनुमतियां प्राप्त होने के बाद कार्य में तेजी आई है। अब सिर्फ निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रक्रिया बाकी रह गई है। चूंकि एनएचएआइ को अब राशि स्वीकृत हो चुकी है, ऐसे में अब मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



#### एनएचएआई उपलब्ध कराएगी जमीन

इस परियोजना में ग्वालियर से राजस्थान के बीच 88.400 किमी. सड़क मिक्सलेन होगी। एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए दोतरफा तैयारियां चल रही हैं, क्योंकि कंपनी को अब छह माह के अंदर निर्माण कार्य के लिए राशि की व्यवस्था करनी है, तो वहीं एनएचएआई को जमीन उपलब्ध करानी है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कंपनी को वर्तमान ग्वालियर-आगरा फोरलेन हाईवे की मरम्मत को प्राथमिकता से करना होगा। कंपनी को इस पूरे हाईवे का पुनरुद्धार करना है, ताकि जिन वाहनों को ग्वालियर से सीधे आगरा जाना है, वह एक्सप्रेस-वे का सहारा लें।

**मुआवजा वितरण के लिए 220 करोड़ स्वीकृत:** ग्वालियर से आगरा के बीच प्रस्तावित 88.400 किमी. लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए जीआर इंफ्रा से अनुबंध होने के बाद अब नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया (एनएचएआइ) को निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करानी है। अधिग्रहण के काम में तेजी लाने, मुआवजा वितरण करने के लिए 220 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिल गई है। इस परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के 14 गांव, राजस्थान के धौलपुर के 30 गांव, मध्य प्रदेश के मुरैना और ग्वालियर सहित कुल 100 गांवों में भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

#### ये शहर-गांव आएंगे रास्ते में

ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रास्ते में मप्र के ग्वालियर और मुरैना आएंगे। ग्वालियर के सिर्फ एक गांव सुसैरा की 5 हेक्टेयर भूमि इसमें आएगी। मुरैना के दिमनी, चंबल क्रॉस व मुरैना रोड सहित 25 गांव की 250 हेक्टेयर भूमि आएगी। वहीं उत्तरप्रदेश के आगरा के देवरी आगरा बायपास, इरादत नगर, श्मशाबाद व सोसा सहित 18 गांव की 132 हेक्टेयर भूमि इसमें आएगी। राजस्थान के धौलपुर के राधा खेड़ा, मछरिया सहित 23 गांव की 162 हेक्टेयर भूमि इसमें आएगी। ग्वालियर- आगरा सिक्स लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे की लंबाई 88.400 किलोमीटर है। इस प्रोजेक्ट में आठ बड़े पुल, 23 छोटे पुल, छह फ्लाई ओवर, पांच एलिवेटेड वायडक्ट, एक रेल ओवर ब्रिज और 42 अंडर पास बनाए जाएंगे। यहां एक साथ 31435 वाहन गुजर सकेंगे। एक्सप्रेस-वे की विशेषता यह रहेगी कि इस पर वाहन 100 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से चल सकेंगे। जीपीएस आधारित सिस्टम से उतना ही टोल देना होगा जितना सफर किया होगा। आईटीएमएस लागू होगा। बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरा एक्सप्रेस-वे सीसीटीवी की निगरानी में होगा। वाहन रुकने पर या हादसा होने पर कंट्रोल रूम से तुरंत एम्बुलेंस पहुंचेगी। फायर फाइटर और क्रेन तक सूचना पहुंचेगी। पर्यावरण और वन संचरण के लिए सुरंग और वाया डक्ट बनेंगे। सड़क पर कहीं भी घाट नहीं पड़ेंगे और सभी पहाड़ी इलाकों को री-अलाइन कर दिया जाएगा।


### लोड डिस्पैच सेंटर पर 100 से ज्यादा साइबर अटैक

# मप्र की बिजली गुल करने रोज हो रहे साइबर हमले

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र के बिजली कंपनी के मुख्यालय से प्रदेश भर के लिए बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के सिस्टम पर अचानक साइबर हमले बढ़ गए हैं। ऐसा भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद हुआ है। हर दिन सौ से डेढ़ सौ बार साइबर हमले का प्रयास हुआ है।

हालांकि सुरक्षा के लिए लगे फायरवाल हर हमले को रोक कर अलर्ट कर रहे हैं। बिजली कंपनी के अधिकारी हर हमले पर नजर रखे हुए हैं और इसकी जानकारी कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम समेत अन्य जांच एजेंसियों को भेज रहे हैं। बता दें कि प्रदेश में ग्रिड के जरिए वितरण कंपनियों को बिजली आपूर्ति के प्रबंधन का काम स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर करता है।

**हमले से बचने के लिए कर रखे हैं सुरक्षा इंतजाम:** कंपनी ने साइबर हमलों से बचने के लिए सुरक्षा के इंतजाम कर रखे हैं। कई तरह की फायरवाल लगाई गई हैं, ताकि कोई भी अवांछित बग सर्वर में प्रवेश न कर सके। यह ऑटोमैटिक संचालित किया जाता है।



#### विदेशी आईपी एड्रेस से हुए थे हमले

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में लगातार साइबर हमले होते रहते हैं जिसको लेकर कंपनी प्रबंधन अत्यधिक फायरवाल का इस्तेमाल करती है। पिछले दिनों जो साइबर हमले हुए थे वे चाइना और अन्य विदेशी आईपी एड्रेस से हुए थे। वर्तमान में जो साइबर हमले हो रहे हैं उनके आइपी एड्रेस जांच एजेंसी को दिए गए हैं।

#### ऊर्जा मंत्री ने दिए थे सतर्कता के निर्देश

मध्य प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रद्युम सिंह तोमर ने भी दो दिन पहले भोपाल में बिजली कंपनी के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। केंद्रीय एजेंसी की तरफ से भी इस संबंध में दिशा निर्देश मिले हुए थे। उन्होंने अधिकारियों को साफ कहा है कि अपरिचित और अनजान बग पर प्रतिक्रिया न दें।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केन्द्रीय मंत्री शिवराज ने कहा

# हम युद्ध नहीं चाहते..लेकिन, ललकारा तो ऐसा जवाब देंगे पीढ़ियां याद रखेंगी

**भोपाल, ईएमएस।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेनाओं द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की सेनाओं की तारीफ की है। शिवराज ने एक्स पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व में भारत ने पहलगाम हमले का जो उत्तर दिया, वह इतिहास के पन्नों में साहस, संयम और रणनीति का स्वर्णिम अध्याय बन गया है। प्रधानमंत्री जी ने भारत की जवाबी कार्रवाई की एक ऐसी रूपरेखा तैयार की, जिसमें रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य समन्वय और वैश्विक संदेश शामिल थे। शिवराज ने लिखा कि सिंधु जल संधि को निलंबित किया गया। थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान के 11 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल प्लेटफॉर्म तबाह किए गए और जैश, लश्कर व हिजबुल जैसे आतंकवादी संगठनों के 9 कमांड सेंटर पूरी तरह समाप्त कर दिए गए। शिवराज ने आगे लिखा-इस पूरे अभियान में एक बात और भी स्पष्ट हुई कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया और अपने हर कदम को कानूनी तथा नैतिक रूप से उचित बनाए रखा।



# कांग्रेस सर्वोदय की तर्ज पर कार्यकर्ता-विधायकों को देगी ट्रेनिंग

### एआई और सोशल मीडिया का भी प्रशिक्षण

**भोपाल, ईएमएस।** मप्र कांग्रेस सर्वोदय की तर्ज पर कार्यकर्ता और विधायकों को ट्रेनिंग देगी। खुद के खर्चे पर कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता ट्रेनिंग लेंगे। कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग 9 जून से 15 जून तक चलेगी। प्रशिक्षण के लिए तय राशि कांग्रेस कार्यकर्ता जमा करेंगे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि- कांग्रेस की ऑडियोलॉजी और आजादी के पहले कैसे कांग्रेस कार्य करती थी यह भी बताएंगे। एआई और सोशल मीडिया की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यह बहुत विशेष ट्रेनिंग है और इसका लाभ कांग्रेस को बड़े स्तर पर मिलने वाला है।

ट्रेनिंग कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाले विधायकों, जिला अध्यक्षों सहित सभी नेताओं को एक निश्चित राशि बतौर पार्टी के पास जमा करनी होगी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के चीफ सचिन राव और एमपी कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग द्वारा ये ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जाएगा। बीते दिनों भोपाल में एमपी कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ हुई बैठक में ये तय हुआ है कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को आइडियोलॉजी के आधार पर जोडने के लिए विधायकों, जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए जाएं। सबसे पहले होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस पार्टी के इतिहास, राजनीतिक सफरनामे से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया जाएगा। कांग्रेस ने ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है।



#### मोबाइल मैनेजमेंट से लेकर चुनाव प्रबंधन सिखाएंगे

कांग्रेस का मानना है कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति के व्यवहार और काम करने के तौर तरीके का कार्यकर्ताओं और आम जनता पर बड़ा असर पड़ता है। ट्रेनिंग में मोबाइल मैनेजमेंट, मीडिया और सोशल मीडिया मैनेजमेंट भी सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण विभाग से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि कई नेता अपने वॉट्सऐप पर रीड रिसिप्ट ऑन किए रहते हैं। ऐसे में जब कोई वॉट्सऐप पर मैसेज भेजता है तो यह पता नहीं चलता कि मैसेज देखा या नहीं? नेताओं के वॉट्सऐप पर प्रोफाइल फोटो, बायो पब्लिक होना चाहिए। कांग्रेस विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और विधानसभा प्रभारियों को ट्रेनिंग देने के लिए देश भर के अलग-अलग सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स बुलाए जाएंगे।

# वेस्टर्न बायपास का फिर शुरू होगा सर्वे

### रातापानी टाइगर रिजर्व को बचाते हुए बदलेगा एलाइनमेंट

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के वेस्टर्न बायपास निर्माण को लेकर अब एक बार फिर से कवायद तेज हो गई है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने परियोजना पर काम तेज कर दिया है और जल्द ही नए एलाइनमेंट के लिए सर्वे शुरू किया जाएगा। पुराने प्रस्ताव में शामिल क्षेत्रों में रातापानी टाइगर रिजर्व का बफर जोन और एक प्राचीन शिवमंदिर आने से निर्माण अटका हुआ था, लेकिन अब इन धरोहरों को संरक्षित रखते हुए नई योजना तैयार की जाएगी। नया एलाइनमेंट सिरकिया गांव (11 मील क्षेत्र) से शुरू होकर इनायतकला, गोलजोड़ और रातीबड़ होते हुए भोपाल-देवास रोड से जुड़ेगा। इससे बायपास की लंबाई घटकर 36 किलोमीटर रह जाएगी, जो पहले 41 किमी प्रस्तावित थी। इस परियोजना का निर्माण वही कंपनी करेगी, जिसे पहले ठेका मिला था। वन और पर्यावरण मंजूरी की बाधा के कारण यह काम एक साल से रुका हुआ था। अब सभी अड़चनों को दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। करीब 3,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना में 427 करोड़ भूमि अधिग्रहण, 19 करोड़ उपयोगिता बदलाव और 15 करोड़ पर्यावरण प्रबंधन पर खर्च किए जाएंगे। बाकी पैसा कॉरिडोर पर खर्च किया जाएगा। बायपास को फोरलेन एक्सेस कंट्रोल मानकों पर तैयार किया जाएगा और दोनों ओर सर्विस रोड भी बनाई जाएगी।



#### मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र इंदौर रोड से जुड़ेगा

इस बायपास के बन जाने से मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र को इंदौर रोड से सीधा कनेक्शन मिलेगा। इससे कोलार से इंदौर जाने वाले यात्रियों को भी काफी सहूलियत होगी। परियोजना के लिए भोपाल और रायसेन जिलों की लगभग 300 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा सकती है।

# दिग्विजय सिंह दिखाएंगे कार्यकर्ताओं को फिल्म

**भोपाल।** एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और विचारों पर बनी फिल्म फुले की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी है। इसका आयोजन 13 मई का भोपाल के डीबी मॉल स्थित सिनेप्लेक्स में किया जाएगा। दिग्विजय सिंह के अलावा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित अन्य कांग्रेस नेता व पार्टी कार्यकर्ता यहां फिल्म देखेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को फुले के समतावादी विचारों और सामाजिक न्याय के संघर्ष से रूबरू कराना है। दिग्विजय सिंह की इस पहल को सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा फुले को वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में पुनः स्थापित करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। कार्यक्रम को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि महात्मा फुले ने उस दौर में समानता, शिक्षा और जातिविहीन समाज का सपना देखा था जब ऐसी बातें सोच पाना भी कठिन था। आज जब समाज में विभाजनकारी शक्तियां सक्रिय हैं, फुले जैसे विचारकों को याद करना और उनकी प्रेरणा लेना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

# नर्सिंग है साक्षात ईश्वर की सेवा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत नर्सों के त्याग और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

उन्होंने नर्सों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक सुश्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल के अगाध समर्पण से प्रेरित नर्सिंग कार्य साक्षात ईश्वर की सेवा है। पीड़ितों की सेवा के लिए सभी नर्सों की आत्मीयता सदैव वंदनीय है। उल्लेखनीय है कि इटली में 12 मई 1820 को जन्मी नाइटिंगेल के जन्म दिवस को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है।




### [ मप्र में रिकॉर्ड 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन, देश में दूसरे स्थान पर पहुंचा ]

# प्रोत्साहन राशि बनी किसानों की उम्मीद की किरण

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश की धरती एक बार फिर अन्नदाता किसानों की मेहनत से स्वर्णिम हो उठी है। प्रदेश में इस बार गेहूं उपार्जन ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के घोषित प्रोत्साहन राशि ने किसानों के मन में आश्वस्ति, आत्मविश्वास और प्रोत्साहन का संचार किया है। इसी का परिणाम है कि इस साल प्रदेश में 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं का रिकॉर्ड उपार्जन हुआ है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 29.36 लाख मीट्रिक टन अधिक है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष प्रदेश के लगभग 9 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेची है। यह प्रदेश सरकार की किसान-मित्र नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

केंद्र सरकार ने इस वर्ष गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया था, जिसके ऊपर राज्य सरकार ने 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस प्रदान कर किसानों को कुल 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर भुगतान सुनिश्चित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस निर्णय ने किसानों को समर्थन मूल्य केंद्रों की ओर आकर्षित किया और उन्होंने खुले मन से सरकार को अपनी उपज बेची। खाद्य मंत्री ने बताया कि अब तक उपार्जित गेहूं में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक का सुरक्षित भंडारण राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है। इसके साथ ही किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान भी प्राथमिकता से किया जा रहा है। अब तक किसानों के खातों में 17 हजार 870 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है, जो इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार ने केवल उपज ही नहीं ली, बल्कि किसानों को उसका मूल्य भी सम्मान पूर्वक दिया।



#### कृषि को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की दिशा में बड़ा कदम

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कृषि को केवल एक आजीविका नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला माना है। बोनस योजना जैसे निर्णय किसानों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, यह केवल गेहूँ उपार्जन नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और सरकार के विश्वास का फल है। मंत्री ने कहा कि खेती-किसानी में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मध्यप्रदेश ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सरकार की नीयत स्पष्ट हो तो कृषि क्षेत्र में कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः ''ईएमएस हाउस'' यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।